
उज्जैन
रविवार
27
सितम्बर, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-324
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 इंदौर में 40 लाख की गर्भपात किट जब्त, 9 हजार सेफ टी किट मिलीं

7 2027 में आखिरी वर्ल्ड कप खेलूंगा: विराट कोहली



कृति ने पितृसत्ता पर उठाए सवाल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

रक्षाबंधन से जुड़े एक विज्ञापन में अपने पहनावे को लेकर विवादों में रहीं कृति सेनन ने अब महिलाओं के खिलाफ छेड़छाड़, रेप और यौन शोषण के मामलों को लेकर पितृसत्तात्मक सोच पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि यह लड़ाई पुरुषों और महिलाओं के बीच नहीं, बल्कि उन महिलाओं के खिलाफ भी है, जो पितृसत्ता को ही संस्कार मानती हैं। कृति सेनन ने बिना किसी घटना का जिक्र किए आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट से लिखा, यह लड़ाई पुरुषों और महिलाओं के बीच नहीं है। यह महिलाओं और पितृसत्तात्मक सोच के बीच की लड़ाई है। उन पुरुषों के खिलाफ, जो महिलाओं को कमतर समझते हैं और उन महिलाओं के खिलाफ भी, जो पितृसत्ता को ही संस्कार मान बैठी हैं। आगे कृति ने लिखा, आखिर कब तक महिलाओं को ही यह सिखाया जाता रहेगा कि वे खुद को यौन हिंसा से कैसे बचाएं? पुरुषों को यह क्यों नहीं सिखाया जाता कि वे महिलाओं के साथ छेड़छाड़, यौन शोषण और जबरदस्ती न करें?

देश

- एसआईआर में नाम कटा, तो घर जाकर दस्तावेज लेंगे अफसर, विवाद के बाद चुनाव आयोग का फैसला, अब तक 30 राज्य-यूटी में 13.37 करोड़ नाम कटे
- चार सालों में 111 सांसद-विधायकों ने पार्टी बदली, इनमें 26% भाजपा में गए, एडीआर रिपोर्ट में खुलासा, नगालैंड और बंगाल में सबसे ज्यादा मामले
- **बोइंग** 737 मैक्स विमान के सॉफ्टवेयर में गड़बड़ी, दोबारा लैंडिंग के दौरान नेविगेशन फीचर काम नहीं करता, भारत में इस मॉडल के करीब 102 विमान
- **डिफेंस** डील अगर छोटी, तो कैबिनेट छूट मिले, सरकार कर रही विचार, बड़े रक्षा सौदों की मंजूरी का समय घटाने की तैयारी
- **रूस का** यूएनएससी में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन, जर्मनी-जापान का विरोध, भारत 8 बार अस्थायी सदस्य रहा

विदेश

- **ट्रम्प** ने ईरान का जंग खत्म करने का प्रस्ताव ठुकराया, बोले- वे मुश्किल में, तभी होर्मुज खोलना चाहते, ईरान बोला- बातचीत से ही निकलेगा हल
- **ब्रिटेन** में भारतीय छात्रों में 20% कमी की आशंका, वजह- वीजा में सख्ती, ऐसा हुआ तो ब्रिटेन को सालाना 10 हजार करोड़ का घाटा
- **कनाडाई** लेखक पर एआई से किताब लिखने का आरोप, फ्रांस के सबसे बड़े पुरस्कार की रेस से बाहर, लेखक बोले- 2019 में ये सब नहीं था

व्यापार

- रतन टाटा के करीबी मेहली मिस्त्री का एक और इस्तीफा, 30 सितंबर को कार्यकाल खत्म होगा
- **बैंकॉक में** बाढ़, सभी 50 जिलों में आपदा घोषित, 48 घंटे में 300 मिमी बारिश, स्कूल बंद और अस्थायी शिविर बनाए गए

कार्टून..



सोमवार से सरकारी बैंक 3 दिन बंद रहेंगे, 12 बैंकों के 7.5 लाख कर्मचारी हड़ताल पर

आज रविवार होने के बावजूद बैंक खुली रहेगी, एटीएम भी फ्री


ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

बैंक से जुड़ा आपका कोई काम अगर पेंडिंग है तो उसे आज ही निपटा लें। रविवार की छुट्टी होने के बावजूद आज सरकारी बैंक खुली है। कल से बुधवार तक बैंक बंद रहेंगे। बैंक कर्मचारी हफ्ते में 2 दिन छुट्टी की मांग को लेकर अगले 3 दिन हड़ताल पर रहेंगे।

रविवार को बैंक खुलने का मौका 10 साल बाद आया है। इससे पहले, 2016 में नोटबंदी के बाद 14 नवंबर को रविवार के दिन बैंक खुले थे। तब पुराने 500 और 1000 के नोट बदलने, जमा करने और कैश निकालने के लिए लोग बैंकों में उमड़ पड़े थे। भीड़ संभालने के लिए सरकार ने रविवार को भी बैंक खोलने का फैसला लिया था।

एटीएम से कैश निकालने पर कोई चार्ज नहीं

बैंक हड़ताल के दौरान एसबीआई और पीएनबी सहित सभी सरकारी बैंकों के एटीएम से मंथली फ्री लिमिट खत्म होने के बाद भी कैश निकालने पर कोई चार्ज नहीं लगेगा। आरबीआई के नियमों के मुताबिक, अभी अपने बैंक के एटीएम से हर महीने 5 बार फ्री में कैश निकाल सकते हैं। दूसरे बैंक के एटीएम से दिल्ली, मुंबई जैसे मेट्रो शहरों में महीने में 3 बार और छोटे शहरों में 5 बार फ्री ट्रांजेक्शन की लिमिट है। अगर आप एक महीने में लिमिट से ज्यादा बार एटीएम से कैश निकालते हैं, तो हर बार 23 + जएसटी चार्ज कटता है। इसके अलावा जब आप एटीएम का इस्तेमाल करते हैं, तो बैंक भी एक-दूसरे को फीस देते हैं- कैश निकालने पर 19 रुपए और बैलेंस चेक करने पर 7 रुपए।



हड़ताल पर अड़ीं यूनियनें, 90% कर्मचारी शामिल होंगे

वित्तीय सेवा विभाग, इंडियन बैंक्स एसोसिएशन और बैंक प्रबंधन की हड़ताल टालने अपील को यूनियनों ने ठुकरा दिया है। हड़ताल में देश की 7 बड़ी बैंक यूनियनें शामिल होंगी, जिनसे लगभग 90% से ज्यादा बैंक कर्मचारी जुड़े हैं। यूनियन्स का कहना है कि जब तक सरकार हफ्ते में 5-डे वर्किंग लागू करने की कोई पक्की तारीख तय नहीं कर देती, तब तक उनका यह विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा।

बैंकों में 5-डे वर्किंग पर सरकार का इनकार

बैंक कर्मचारियों की हड़ताल से ठीक पहले मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि, सरकार ने कभी भी बैंकों के लिए 5-डे वर्किंग का वादा नहीं किया था और सैलरी रिवीजन की बातचीत के दौरान भी इस मुद्दे पर चर्चा नहीं हुई। वित्त मंत्रालय के सूत्र ने कहा कि यह मांग कर्मचारी यूनियनों की तरफ से एकतरफा उठाई थी और दोनों पक्षों के बीच इस पर कोई सहमति नहीं बनी थी।

प्रेमानंदजी का शिष्य चौथी मंजिल से कूदा

2 साल पहले दीक्षा ली थी, मां शव देखकर रोईं, बोलीं- मिलने नहीं दिया जाता था

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मथुरा

वृंदावन में संत प्रेमानंद महाराज के 25 साल के शिष्य ने चौथी मंजिल से कूदकर जान दे दी। उनके प्राइवेट पार्ट से खून बह रहा था। कमरे में एक ग्राइंडर मिला है, जिस पर खून लगा था। आशंका है कि शिष्य ने ग्राइंडर से प्राइवेट पार्ट को नुकसान पहुंचाया था।

शिष्य का नाम रसिक दुलारी शरण था। सीओ संदीप सिंह ने कहा- जांच में एक सीसीटीवी मिला है, इसमें रसिक दुलारी शरण बिल्डिंग से कूदते नजर आ रहे हैं। उन्होंने सुसाइड क्यों किया। इसकी जांच की जा रही है।

घटना वाराह घाट इलाके के 4 मंजिला गुरु कृपा कुंज बिल्डिंग की है। बिल्डिंग प्रेमानंद महाराज के ट्रस्ट केली कुंज की है। इसमें प्रेमानंदजी के आश्रम से जुड़े 50 से ज्यादा शिष्य और सेवादार रहते हैं। यह बिल्डिंग प्रेमानंद के पुराने केली गुंज आश्रम से 500 मीटर दूर है।

- पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार सुबह 11 बजे के करीब रसिक दुलारी शरण इसी बिल्डिंग की चौथी मंजिल पर गए। कुछ देर वहां बैठे और फिर छलांग लगा दी। गंभीर हालत में उन्हें सर्वोदय अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई।
- पुलिस का कहना है कि आधे घंटे तक वह वहीं पड़े रहे। बाद में नजर पड़ी तो प्रेमानंद के शिष्य उन्हें अस्पताल ले गए। अस्पताल प्रबंधन की तरफ से पुलिस को सूचना दी गई। रसिक का परिवार मथुरा पहुंच गया है। पोस्टमॉर्टम हाउस में शव देखकर रसिक की मां-बहन फूट-फूटकर रोईं।
- सूत्रों से यह भी पता चला है कि रसिक दुलारी ने जान देने से 1 दिन पहले यानी गुरुवार को ही प्राइवेट पार्ट काटा था। साथी उन्हें अस्पताल ले गए थे। वहां से इलाज कराके वापस लौट आए थे। पिछले कुछ दिनों से वह डिप्रेशन में थे। हालांकि, इस बारे में कोई ऑफिशियल जानकारी नहीं मिल पाई है। प्रेमानंद के आश्रम ने इस बारे में कोई बयान जारी नहीं किया।



पंजाब- छात्रा से रेप का आरोप यूनिवर्सिटी में आग लगाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जालंधर

पंजाब की फगवाड़ा स्थित लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में शनिवार देर रात छात्रों ने जमकर हंगामा किया। यूनिवर्सिटी की एक छात्रा से कथित रेप की सूचना सोशल मीडिया ग्रुप्स में तेजी से वायरल हुई। इसके बाद हजारों छात्र सड़कों पर उतर आए।

छात्रों ने यूनिवर्सिटी कैंपस में तोड़फोड़ की और एक हिस्से में आग लगा दी। यूनिवर्सिटी के मुख्य गेट पर हंगामे के बाद छात्रों ने दिल्ली-अमृतसर नेशनल हाईवे पर धरना देकर ट्रैफिक जाम कर दिया। रात करीब ढाई बजे लगाया गया जाम अब भी लगा हुआ है।

छात्रों ने एलपीयू में रातभर तोड़फोड़ की, दिल्ली-अमृतसर नेशनल हाईवे जाम किया

पुलिस का कहना है कि प्राथमिक जांच में रेप का कोई मामला सामने नहीं आया है। यूनिवर्सिटी प्रशासन ने भी रेप के आरोपों को बेबुनियाद बताया। साथ ही स्टूडेंट्स से अपील की है कि वे अफवाह पर ध्यान न दें और किसी भी प्रदर्शन या धरने में भाग न लें। बता दें कि यह यूनिवर्सिटी भाजपा के राज्यसभा सांसद अशोक मित्तल की है। शनिवार रात सोशल मीडिया पर एक संदिग्ध मैसेज तेजी से फैला। दावा किया गया कि किसी बाहरी व्यक्ति ने गर्ल्स हॉस्टल में घुसकर एक छात्रा के साथ रेप किया है। मैसेज वायरल होते ही छात्रों का गुस्सा भड़क गया। वे हॉस्टल के बाहर जमा होने लगे। छात्रों ने देर रात सुरक्षाकर्मियों और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। छात्रों का आरोप था कि कैंपस में सुरक्षा के इंतजाम नहीं हैं। इससे बाहरी लोग आसानी से अंदर आ जाते हैं।

केदारनाथ यात्रा मार्ग पर 4000 यात्री फंसे

यूपी में 65 घंटे से आंधी-बारिश, 29 मौतें, बिहार में बाढ़ से 500 घर डूबे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रुद्रप्रयाग

उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में केदारनाथ यात्रा मार्ग पर लैंडस्लाइड हुई है। इससे करीब 4 हजार श्रद्धालु फंस गए हैं। पहाड़ी से लगातार लैंडस्लाइड हो रही है, जिससे मार्ग खोलने में दिक्कत आ रही है। खराब मौसम को देखते हुए आज केदारनाथ यात्रा पर रोक लगा दी गई और हेली सेवाएं भी बंद हैं।

वहीं, देहरादून, टिहरी, हरिद्वार और पौड़ी में रेड अलर्ट, उत्तरकाशी, चमोली, नैनीताल और रुद्रप्रयाग में ऑरेंज अलर्ट, जबकि बागेश्वर, अल्मोड़ा, चंपावत, ऊधम सिंह नगर और पिथौरागढ़ में यलो अलर्ट है।

यूपी के लखनऊ, कानपुर, उन्नाव, बाराबंकी, अयोध्या और जौनपुर समेत 45 शहरों में 65 घंटे से बारिश हो रही है। 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही हैं। 22 जिलों में अचानक बाढ़ का खतरा बना हुआ है। आंधी-बारिश की वजह से 2 दिनों में 29 लोगों की मौत हो चुकी है। किसानों की सैकड़ों बीघा फसलें बर्बाद हो गई हैं। हजारों पेड़ और बिजली के पोल उखड़कर गिर गए हैं। बिहार में साइक्लोन अर्नब का असर अब कमजोर पड़ गया है। राज्य में पिछले 72 घंटे से लगातार बारिश हो रही है। नेपाल के तराई क्षेत्र में हो रही बारिश के चलते गंडक और कोसी नदियां उफान पर हैं। इससे 17 जिलों के करीब 6 हजार गांव टापू बन गए हैं, जबकि करीब 500 घर बाढ़ के पानी से घिरे हुए हैं। सुपौल के 50 गांवों में बाढ़ की स्थिति बनी हुई है।

28 सितंबर को जम्मू-कश्मीर, हिमाचल, उत्तराखंड, तमिलनाडु, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, मध्य महाराष्ट्र में बारिश का यलो अलर्ट है। मध्य महाराष्ट्र, रायलसीमा और तटीय आंध्र प्रदेश में तेज हवाओं के चलने की संभावना है।

पाकिस्तान में आत्मघाती हमले में 13 की मौत

पाकिस्तानी तालिबान ने जिम्मेदारी ली, इस साल 900 से ज्यादा आतंकी हमले हुए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में शनिवार को आत्मघाती हमला हुआ। डेरा इस्माइल खान जिले में सड़क किनारे बनी पुलिस चौकी को निशाना बनाया गया। पुलिस के मुताबिक, हमलावर विस्फोटकों से भरे वाहन में आया और चौकी के पास पहुंचकर धमाका कर दिया।

धमाके में 13 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में 2 महिलाएं और एक बच्चा भी शामिल हैं। करीब 30 लोग घायल हुए हैं। इनमें कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। हमले के कुछ देर बाद आतंकी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान ने इसकी जिम्मेदारी ली। इस संगठन को अफगानिस्तान के तालिबान का समर्थन हासिल है। पाकिस्तान में जनवरी से अगस्त तक 990 आतंकी घटनाएं हुई हैं। इनमें 1,129 लोगों की मौत हो चुकी है।

पाकिस्तानी सरकार के खिलाफ है तहरीक-ए-तालिबान

- 2001 में अमेरिका के अफगानिस्तान पर हमले के बाद पाकिस्तान ने अमेरिका का साथ दिया था। इससे टीटीपी नाराज हो गया, वह इसे इस्लाम के खिलाफ मानता था।
- टीटीपी का मानना है कि पाकिस्तान सरकार सच्चा इस्लाम नहीं मानती है, इसलिए वो उसके खिलाफ हमला करता है।
- टीटीपी का अफगान तालिबान के साथ गहरा जुड़ाव है। दोनों समूह एक-दूसरे को समर्थन देते हैं।
- 2021 में अफगान तालिबान के सत्ता में आने के बाद पाकिस्तान ने टीटीपी को निशाना बनाकर अफगानिस्तान में हमले किए थे।

पाक ने अफगानिस्तान में 10 ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की थी

पाकिस्तान ने गुरुवार को अफगानिस्तान में 10 ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की थी। पाकिस्तान के सूचना मंत्री अताउल्लाह तराड़ ने कहा कि ये हमले अफगानिस्तान से एक दिन पहले हुए ड्रोन हमलों के जवाब में किए गए हैं। तारड़ के मुताबिक, इन 10 जगहों का इस्तेमाल ड्रोन लॉन्च करने और उन्हें रखने के लिए किया जा रहा था। उन्होंने कहा कि इन ठिकानों की पहचान की गई और सटीक तरीके से हमलों को अंजाम दिया गया।

एक्सप्रेस-वे पर क्रेटा कार 5 बार पलटी, 3 की मौत

एयरबैग से बची 2 की जान, 140 की स्पीड से डिवाइडर से टकराई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ आगरा

आगरा में क्रेटा कार बेकाबू होकर डिवाइडर से टकरा गई, फिर 4-5 बार पलटी खाई। हादसे में 3 लोगों की मौके पर मौत हो गई। 2 लोग घायल हैं। कार सवार दिल्ली से बलिया जा रहे थे। हादसा शनिवार सुबह 7 बजे आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर डौकी थाना क्षेत्र में हुआ।

पुलिस के मुताबिक, हादसे के वक्त कार की स्पीड करीब 140 किमी थी। मरने वाले तीनों लोग पिछली सीट पर बैठे थे। तीनों कार से उछलकर एक्सप्रेस-वे से नीचे खाई में जा गिरे। सिर में चोट लगने से उनकी जान चली गई। आगे बैठे ड्राइवर और एक युवक ने सीट बेल्ट लगा रखी थी। इसलिए एयरबैग खुलने से दोनों की जान बच गई। हादसा इतना जोरदार था कि पूरी कार क्षतिग्रस्त हो गई। आगे और पीछे का हिस्सा डैमेज हो गया। साइड के हिस्से पिचक गए। पहिए तक अलग हो गए। पुलिस ने क्रेन बुलवाकर कार को सड़क से हटवाया। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान जयप्रकाश (32), भूपेंद्र (35) और कपिल (31) के रूप में हुई है। जबकि यशवंत और चंद्रकांत घायल हुए हैं। दोनों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। हादसे के समय कार यशवंत चला रहा था, चंद्रकांत उसक बगल में बैठा था। ये सभी आपस में दोस्त थे। वहीं, पुलिस तीनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजने के साथ उनके घरवालों को भी घटना की सूचना दे दी है।

पितरों को स्मरण करने के दिवस

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

हमारा अस्तित्व व पहचान पूर्वजों से ही है। पितृ सदैव अपने वंशज की कुशलता व प्रगति देखना चाहते हैं। पितरों की बौद्धिक व सामाजिक प्रतिष्ठा की गौरवशाली विरासत के संवाहक हैं उनके बच्चे अतः ऐसे पूर्वजों के प्रति श्रद्धा व कृतज्ञता ज्ञापित करने का पर्व ही है श्राद्ध।

पुराणों में पितरों के प्रकार व नाम- गरूड़पुराण में चार प्रमुख पितृ बताए गए हैं जिनके नाम हैं अर्यमा, काव्यवाडनल, सोम व यम। इनमें पितृलोक के स्वामी अर्यमा हैं जो सूर्य के समान तेजस्वी हैं। ऋषि कश्यप व अदिति के पुत्रों मे से एक अर्यमा हैं जो आकाशगंगा के भी स्वामी हैं। पितृलोक के न्यायाधीश यमराज स्वयं हैं। धार्मिक मान्यतानुसार काव्यवाडनल एक माध्यम का कार्य करते हैं। हम जो कुछ भी पितरों को अर्पित करते हैं उसे अग्नि व जल में ही छोडते हैं। काव्यवाडनल पितृ एक मीडिया के रूप में उसे हमारे पितरों तक पहुंचाने का पुनीत कार्य करते हैं।

सबसे पहले चार पितृ देवों का नमन

श्राद्ध कर्म की सफलता पितृदेवों के नमन से ही संभव होती है अतः इन चार पितृदेवों का ध्यान सबसे पहले करना चाहिए

1 **अग्निष्वात्तः** अग्नि से तृप्त होनेवाले देव
2 **बर्हिषदः** पावन स्थान पर वास करनेवाले देव
3 **आजप्यः** घी से तृप्त होनेवाले देव
4 **सोमेपः** सोम से तृप्त होनेवाले पितृदेव

इन चारों पितृदेव को नमन करके जलदान अथार्त तर्पण करना चाहिए।

कौन सा मंत्र पितृदेव का

पितरों को इनमे से कोई भी एक मंत्र द्वारा अग्नि में समिधा डालना चाहिएः
ॐ पितृभ्यो नमः
ॐ पितृदेवतायै नमः
ॐ पितृगणाय नमः।

स्वधा का महत्व

पितरों की देवी स्वधा है जो भूलोक से पितरों को अर्पित सामग्री लेकर हमारे पितरों तक पहुंचाती है। धार्मिक ग्रंथों में स्पष्ट है कि श्राद्ध कर्म मे हवन करते हुए स्वाहा की जगह स्वधा का उच्चारण करना चाहिए। स्वधा को ही कुछ ग्रंथों में प्रजापति दक्ष की कन्या बताया है जिनका विवाह पितृदेव अग्निष्वात्त से हुआ था इसलिए अग्नि को अर्पित समस्त सामग्री वे आसानी से पितरों तक पहुंचा देती हैं। होम करते हुए मंत्र के बाद स्वधा बोलने की धार्मिक मान्यता है।

पांच ग्रास का महत्व

पिण्डदान, तर्पण व हवन के बाद पांच ग्रास भोजन व्यंजन के निकालकर गौ, कौए, चींटी, श्वान व भिक्षुक को ससम्मान देने का विधान है। वस्त्र, अन्न, मुद्रा व छाता किसी योग्य ब्राह्मण को दान देना चाहिए।



महाकाल श्रृंगार



भगवान महाकाल को त्रिशूल, त्रिपुंड और डमरू के साथ भांग-चंदन का श्रृंगार किया

अपनेतक

जड को पकडना नहीं ,टहनियों पर सख्ती

तीर्थनागरी के लोग बडे ही आस्था से ओतप्रोत, आस्था सिर्फ भगवान के प्रति,भले ही प्रकृति को कुछ भी हश्र हो। शहर मे गोपालक, गाय को माता तो मानते हैं पर जिन गायों से गोउत्पाद नहीं मिल रहे उन्हें बाबा महाकाल के भरोसे ठेलकर सडकों पर छोड देते हैं। शहर के बाशिंदे गौमाता की देखरेख कर ही लेते हैं। कोई घांस व चारा डालकर पुण्य अर्जित करने मे लगा है तो कुछ लोग इन्हे घर का बचा हुआ खाद्यपदार्थ देकर पुण्य के भागी बन रहे हैं। नगरनिगम आवारा गोवंश को पकडने की नौटंकी तो खूब करती है पर घर के भीतर ही जयचंद हो तो सफलता कहां मिल पाती है। कोई भेदिया एक मोबाइल कर-के गोपालक को सूचना दे देता है कि अमुक क्षेत्र मे पशु पकडने दस्ता रवाना हो रहा है । गोपालको का सूचना तंत्र बहुत ही मजबूत ,सभी एकत्र हो पशुओ को ठेलकर आसपास की गलियों या अपने घर ले जाते हैं और नगरनिगम की गैंग बेरंग होकर हाथ मलती रहती है। शहर के मुख्य चौराहों पर घांस विक्रेत खुल्लेआम घांस बेचते रहते हैं और श्रद्धालु धार्मिक प्रवृत्ति के लोग बीच सडक पर गौमाता को घांस डालकर पुण्य अर्जित करने मे लगे हैं । अब कोई दुर्घटना हो जाती है तो वह विधि का विधान है साहब। होनी को कौन टाल पाया है ।

बागपुरा के राजा के दरबार में महाकाल ग्रुप ने किया विशाल भंडारे का आयोजन

उज्जैन। शहर के संत नगर बागपुरा में महाकाल ग्रुप गणेश उत्सव समिति द्वारा बागपुरा के राजा के दरबार में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में पहुंचकर श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। आयोजक पियूष गोलू ललावत ने बताया कि यह आयोजन संरक्षक नारायण यादव के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। भंडारे की व्यवस्थाओं में समिति के सभी लोगों ने अपनी सक्रिय भागीदारी निभाते हुए सेवाएं दीं। आयोजन में मुख्य रूप से रमेशचंद्र हनोतिया, डॉ विपिन पोरवाल, डॉ कात्यान मिश्रा, डॉ राजेंद्र बंसल, डॉ वीरेंद्र पामेचा, डॉ पराग शर्मा, ईआर लकी यादव, महावीर ललावत, अमित कौशल, कपिल बिलावल, अभिषेक कुरील, सनी सेठिया, हर्षित हनोतिया, धीरज बैंडवाल, पिंटू गुरु, हनी बाबा, सोनू ललावत, विक्की ललावत, साहिल जाटव, जतिन सिसोदिया, आशु बैंडवाल, पंकज ठाकुर, जीतू वाडिया, हितेश ललावत, प्रकाश खरे, दीपेश गोम, यश कौशल, हनी बिलावल, भावेश, लकी और गौरव उपस्थित रहे।

मंगलनाथ के महाराजा को लगा छप्पन भोग, विशाल भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने पाई प्रसादी

उज्जैन। अनंत चतुर्दशी के अवसर पर मंगलनाथ मंदिर के महाराजा गणेश उत्सव पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस दौरान भगवान को 56 प्रकार के व्यंजनों का आकर्षक भोग अर्पित किया गया। महाआरती के पश्चात आयोजित विशाल भंडारे में देश-विदेश से आए हजारों श्रद्धालुओं ने महाप्रसादी ग्रहण की। मंगलनाथ मंदिर के पुजारी शुभम भारती के विशेष प्रयासों से यह धार्मिक आयोजन विगत 21 वर्षों से परंपरा के अनुसार अनवरत किया जा रहा है। अनंत चतुर्दशी के अवसर पर महाराजा गणेश की विशेष पूजा-अर्चना कर 56 भोग लगाया गया। भगवान की महाआरती संपन्न होने के बाद परिसर में महाप्रसादी का वितरण शुरू हुआ। इस विशाल भंडारे में स्थानीय भक्तों के साथ ही बड़ी संख्या में विदेशी श्रद्धालुओं ने भी उत्साहपूर्वक प्रसादी का लाभ लिया।

पितरों की आत्मशांति के लिए आज होगा निःशुल्क सामूहिक तर्पण

उज्जैन। श्री गौड़ ब्राह्मण समाज के ज्ञात-अज्ञात पितरों की आत्मशांति के लिए रविवार 27 सितंबर को निःशुल्क सामूहिक तर्पण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह धार्मिक आयोजन मंगलनाथ मंदिर के सामने स्थित श्री गौड़ ब्राह्मण समाज के नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर में सुबह 11 बजे से शुरू होगा। श्री श्रीगौड़ परिषद मंडल उज्जैन के सानिध्य और श्री श्रीगौड़ ब्राह्मण सामाजिक एवं पारमार्थिक ट्रस्ट के मार्गदर्शन में यह आयोजन श्री श्रीगौड़ नवयुवक मंडल द्वारा किया जा रहा है। मंडल के अनुसार कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए समाजजनों का 25 सितंबर तक रजिस्ट्रेशन करवाना तय किया गया था ताकि तर्पण के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुचारू रहें।

श्री महाकाल महालोक में पहले 106 प्रतिमा लक्ष्य था अब 92 ही बदलेंगी

एफआरपी के स्थान पर अब 35 पत्थर की तथा 57 मेटल की लगेंगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

श्री महाकाल महालोक में प्रारंभिक दौर से लगी एफआरपी(फाइबर रीइन्फोर्स्ड प्लास्टिक) 200 से अधिक प्रतिमाओं में से पूर्व में 106 बदलने का लक्ष्य अब 92 पर आ गया है। बदली जाने वाली प्रतिमाओं में सप्त ऋषि की प्रतिमा पत्थर की बनाई गई हैं। इनके साथ ही कुल 35 प्रतिमा पत्थर की और 57 मेटल की प्रतिमाएं शामिल है।





संभागायुक्त सह सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह एवं कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने शुक्रवार को नियमित निरीक्षण के दौरान श्री महाकालेश्वर महालोक में स्थापित की जाने वाली पत्थर एवं मेटल की प्रतिमाओं के निर्माण कार्य का विक्रम नगर मार्ग स्थित प्रतिमा निर्माण कार्यशाला का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बताया कि श्री महाकाल महालोक में स्थापित करने के लिए कुल 92 प्रतिमाएं तैयार की जा रही है, जिनमें 35 पत्थर की तथा 57 मेटल की प्रतिमाएं शामिल है।

ऐसे बनाई जा रही प्रतिमा-

अधिकारियों के अनुसार प्रतिमा निर्माण से पहले भगवान के स्वरूप का स्केच विशेषज्ञों की समिति के माध्यम से अनुमोदित किया जाता है। इसके बाद स्वीकृत स्केच के अनुरूप प्रतिमाओं को आकार दिया जाता है। कार्यशाला में तैयार की जा रही प्रतिमाएं पुराणों में वर्णित स्वरूप एवं उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर बनाई जा रही है। प्रतिमा निर्माण का कार्य उज्जैन के साथ ही ग्वालियर एवं जयपुर में भी किया जा रहा है।

कारीगरों से आवश्यकता जानी-

निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त ने प्रतिमा निर्माण में लगे कारीगरों की आवश्यकताओं की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्यशाला में कारीगरों की आवश्यकता के अनुसार छाया के लिए शेड, पेयजल सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि प्रतिमा निर्माण कार्य सुचारु रूप से संचालित हो सके।

ये है प्रतिमा का घटनाक्रम

श्री महाकाल महालोक में 2018-2022 के दौरान पहले चरण में 920 मीटर लंबे कॉरिडोर में 200 से अधिक प्रतिमाएं लगाई गईं। इनमें 108 दिव्य स्तंभ, शिव-लीला, सप्तऋषि, नवग्रह की प्रतिमाएं शामिल थीं। सभी प्रतिमाएं फाइबर रीइन्फोर्स्ड प्लास्टिक की थीं। इन्हें गुजरात, राजस्थान और ओडिशा के कलाकारों ने 5 साल में बनाया था। महालोक का लोकार्पण 11 अक्टूबर 2022 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। 28 मई 2023 को तेज आंधी-तूफान में कॉरिडोर में लगी सप्तऋषि की 6 प्रतिमाएं गिरकर टूट गईं। इसके बाद ऋषि की मजबूती पर सवाल उठे। मध्यप्रदेश शासन ने तय किया की वर्तमान प्रतिमाओं के स्थान पर राजस्थान के बंसी पहाड़पुर के पत्थर की प्रतिमा लगेगी।अप्रैल 2024 में इस पर हरिफाटक स्थित हाट बाजार में ओडिशा के 10 कलाकारों की टीम ने काम शुरू किया। पहले फेज में सप्तऋषि की 7 प्रतिमा के साथ 1 शिव की प्रतिमा बनाना शुरू हुआ। हर प्रतिमा 15 फीट ऊंची, है। सिंहस्थ 2028 से पहले 106 नई स्टोन प्रतिमाएंलगाने का लक्ष्य रखा गया।वर्तमान में लगी प्रतिमाओं को शहर के चौराहों पर लगाने की योजना है। नई पत्थर की सप्तऋषि प्रतिमाओं का निर्माण अंतिम चरण में है,जो पत्थर राजस्थान से यहां पहुंचने में देरी के कारण धीमा है। 7 सप्तऋषि प्रतिमाओं को लेकर हाल ही में विक्रमादित्य शोधपीठ से जारी बयान में सामने आया था कि अधिकांश प्रतिमाओं का मुख्य निर्माण पूरा हो चुका है अब सिर्फ पेडस्टल और फिनिशिंग बाकी है,। अगले 6 महीने में महालोक में स्थापित कर देंगे।

गयाकोठा के सरिए कर न दें पांव घायल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

देशभर से श्रद्धालु अलसुबह अपने पितरों का श्राद्ध और पिंडदान करने की पावन आस लेकर शहर के प्रसिद्ध तीर्थ गयाकोठा पहुंचेंगे। श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने यहां सुविधाओं के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं। धूप से बचाव के लिए शेड लगाए गए हैं, वहीं पूजन सामग्री और अन्य कचरे के लिए जगह-जगह डस्टबिन भी रखे गए हैं। लेकिन इन तैयारियों के बीच एक ऐसी खामी नजर आ रही है, जो श्रद्धालुओं के लिए परेशानी और हादसे का कारण बन सकती है।

शेड लगाए, कूड़ादान रखे, पर लोहे के सरिए यथावत

गयाकोठा का प्रमुख केंद्र जलकुंड है, जहां श्रद्धालु पिंड आदि अर्पित करते हैं। कुण्ड के आसपास बनाई गई स्लैब के किनारों पर लोहे के सरिए निकले हुए नजर आ रहे हैं। कुण्ड की सीढ़ियों की ओर जाने वाले श्रद्धालुओं के पैरों की सीधी पहुंच इन सरियों तक हो सकती है।

सुबह के समय भीड़, कम रोशनी और पूजा-पाठ में व्यस्त श्रद्धालुओं के बीच इन निकले हुए सरियों से पैर में गहरी चोट लगने की आशंका है। ठोकर लगने पर श्रद्धालु के गिरने से भी दुर्घटना हो सकती है।



समय रहते कटवा देना थे



जबा प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए शेड और डस्टबिन तक की व्यवस्था की है तो इन खतरनाक सरियों पर भी नजर पड़ना जरूरी था। आयोजन शुरू होने से पहले निकले हुए सरियों को कटवाकर अथवा सुरक्षित तरीके से ढंककर खतरा दूर किया जा सकता है। श्रद्धालु यहां आस्था लेकर आते हैं, ऐसे में व्यवस्था की छोटी-सी चूक उनके लिए बड़ी परेशानी न बन जाए, इसका ध्यान रखना जरूरी है। प्रशासन समय रहते इन सरियों को हटवा दे तो बेहतर होगा, वरना पितरों के निमित्त आने वाले श्रद्धालुओं के पांव कहीं लोहे के सरिए घायल न कर दें।

महावीर तपोभूमि में क्षमावाणी पर्व पर गूंजे भगवान के जयकारे

चांदी के रथ पर विराजे श्रीजी, भव्य चल समारोह में उमड़ा समाज

क्षमा करना और क्षमा मांगना वीरों का काम है : प्रभा दीदी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सिद्ध क्षेत्र श्री महावीर तपोभूमि राघौ पिपल्या में पर्युषण महापर्व का समापन क्षमावाणी पर्व के साथ पूरे भक्तिभाव से किया गया। इस अवसर पर चांदी के रथ पर भगवान श्रीजी को विराजमान कर भव्य चल समारोह निकाला गया। चल समारोह के राघौ पिपल्या मार्ग से होकर वापस मंदिर पहुंचने के बाद श्रीजी को पांडुकशिला पर विराजमान कर स्वर्ण कलशों से अभिषेक और शांतिधारा की गई।

चल समारोह में सबसे आगे बैंड चल रहा था, उसके पीछे महिलाएं और संस्कार शिविर की श्राविकाएं हाथों में ध्वज व कलश लेकर चल रही थीं। 108 चांदी के रथ पर धर्म ध्वजा लहरा रही थी। समारोह में 10 उपवास करने वाली श्राविका रूबी जैन को बग्गी में बैठाकर उनका सम्मान किया गया।

श्रीजी के प्रथम अभिषेक व शांतिधारा का सौभाग्य 10 उपवास करने वाली रूबी जैन के उपलक्ष्य में सुपर फार्मा परिवार के दिनेश जैन, सारिका जैन और लविश जैन को मिला। प्रथम अभिमंत्रित माला दिनेश जैन तथा दूसरी माला हितेश जैन परम को प्राप्त हुई।

जैन धर्म का मूल आधार ही क्षमा


इस अवसर पर ब्रह्मचारिणी डॉ. प्रभा दीदी ने मंगल प्रवचन में कहा कि क्षमा करना और क्षमा मांगना वीरों का काम है, कायरों का नहीं। जैन धर्म का मूल आधार ही क्षमा है। उन्होंने सभी से जाने-अनजाने में हुई गलतियों के लिए 'मिच्छामि दुक्कडम्' कहते हुए क्षमा याचना की। प्रवचन के बाद वात्सल्य भोज का आयोजन हुआ। समाज सचिव सचिन कासलीवाल ने बताया कि संपूर्ण तपोभूमि परिसर जयकारों से गूंज उठा और समाजजनों ने गले मिलकर एक-दूसरे से क्षमा मांगी। ट्रस्ट के अध्यक्ष दिनेश जैन, शिविर संयोजक रमेश जैन, संस्थापक अध्यक्ष अशोक जैन सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी सभी से क्षमा याचना की। शुक्रवार शाम आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में ट्रस्ट द्वारा शिविर में पधारे श्रावक-श्राविकाओं का शाल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। शिविरार्थियों ने 10 दिनों तक टीवी-मोबाइल से दूर रहकर धर्ममय जीवन जीने के अनुभव साझा किए। लक्ष्मी नगर, सेठी नगर स्थित शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में मुनि श्री प्रणित सागर जी महाराज के सानिध्य में रविवार, 27 सितंबर को सुबह 8:30 बजे सामूहिक क्षमावाणी पर्व मनाया जाएगा।

प्रशासन डाल-डाल तो आस्थावान पात-पात

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर के गणेश भक्त हर व्यवस्था का तोड़ निकालने में भी माहिर नजर आते हैं। अनंत चौदस पर प्रशासन ने पावन शिप्रा नदी में गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन पर सख्ती दिखाते हुए रोक लगाई तो कुछ गणेश मंडलों ने चौदस के दिन विसर्जन ही टाल दिया। अगले दिन पूरे उत्साह के साथ बड़ी-बड़ी प्रतिमाएं लेकर अंधेरा होते ही मंगलनाथ घाट और मौनीतीर्थ घाट पहुंच गए और डोंगी के जरिए बीच नदी में गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन कर दिया।

सबसे दिलचस्प दृश्य मौनीतीर्थ घाट पर दिखाई दिया। यहां दो डोंगी वाले नदी से नारियल निकालते नजर आए। इसी बीच गणेश मंडल के सदस्य प्रतिमा लेकर घाट पहुंचे तो डोंगी वाले भी किनारे आ गए। फिर शुरू हुआ आस्था और सुविधा के बीच सौदे का खेल।



पचास से सौ रुपये में सौदा

'सबसे बड़ा रुपया' वाली कहावत यहां पूरी तरह चरितार्थ होती नजर आई। बताया गया कि 50 से 100 रुपये के बीच सौदा तय होने के बाद डोंगी वाले गणेश प्रतिमा को सम्मानपूर्वक डोंगी में बैठाकर बीच नदी तक ले गए और वहीं विसर्जन कर दिया। विडंबना यह कि जिस शिप्रा को प्रदूषण से बचाने के लिए प्रशासन ने प्रतिमा विसर्जन पर रोक लगाई, उसी रोक को रास्ता निकालकर दरकिनार कर दिया गया। सवाल सिर्फ नियम तोड़ने का नहीं, बल्कि उस नदी के प्रति जिम्मेदारी का भी है जिसे आस्था का केंद्र माना जाता है। प्रशासन अपनी ओर से व्यवस्था बनाता रहा और आस्था के नाम पर उसके रास्ते खोजे जाते रहे। दृश्य मानो यही कह रहा था—प्रशासन डाल-डाल तो आस्थावान पात-पात। आखिर कब आस्था और पर्यावरण संरक्षण एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि साथी बनेंगे?

अच्छे संस्कारों के बिना शिक्षा अधूरी

उज्जैन। देवास रोड स्थित ऑक्सफोर्ड जूनियर कॉलेज में शनिवार को भारत विकास परिषद क्षिप्रा द्वारा 'गुरु वंदन-छात्र अभिनंदन' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें राज्यसभा सांसद व वाल्मीकि धाम के पीठाधीश्वर बाल योगी उमेशनाथ महाराज ने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि जीवन में गुरु का स्थान सर्वोपरि है। अच्छे संस्कारों के बिना शिक्षा अधूरी है। कार्यक्रम में करीब 500 छात्र-छात्राओं ने सहभागिता कर महाराज श्री का आशीर्वाद लिया। उन्होंने बच्चों को सनातन संस्कृति और राष्ट्र सेवा के प्रति जागरूक किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में ऑक्सफोर्ड जूनियर कॉलेज के सचिव दिलीप धनवानी और परिषद के क्षेत्रीय संरक्षक संजय अग्रवाल मंचासीन थे। कार्यक्रम की शुरूआत बरखा जैन द्वारा प्रस्तुत वंदे मातरम से हुई।

पितरों की शांति निमित्त उज्जैन के गयाकोठा पर जतन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

कालों के काल महाकाल की नगरी को धर्मशास्त्रों में पुण्यदायी पुरी कहा गया है। अंकपात क्षेत्र स्थित गयाकोठा तीर्थ श्राद्धपक्ष में विशेष महत्व रखता है। मान्यता है कि भगवान कृष्ण ने गुरु सांदीपनि के पुत्र की मोक्ष प्राप्ति के निमित्त इसी स्थान पर पावन त्रिवेणी की धार उत्पन्न की थी और उनका पिंडदान किया था। पितृऋण से मुक्ति की कामना लेकर वंशज श्राद्धपक्ष में दूर-दूर से यहां पहुंचकर तर्पण और पिंडदान करते हैं।







रविवार तड़के से ही गयाकोठा तीर्थ पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। पंडित अपने यजमानों को धार्मिक विधि-विधान से श्राद्ध, तर्पण और पिंडदान कराते नजर आए। पूजन के बाद श्रद्धालु जटेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे, जहां भगवान जटेश्वर, गजाधर, गजासुर और सप्तऋषि के पूजन के साथ दुग्ध अर्पित किया। पितरों की शांति और मोक्ष की कामना से महिलाओं ने भी तर्पण व पिंडदान किया। जटेश्वर महादेव मंदिर में दुग्ध अर्पित करने के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी रही।



कृष्ण ने किया था गजासुर का संहार

मंदिर में जटेश्वर महादेव, सप्तऋषि, गजासुर और कृष्णावतार गजाधर के सुंदर विग्रह विराजित हैं। मान्यता है कि गजाधर ने दैत्य गजासुर का संहार कर उसे मोक्ष प्रदान किया था। इसी कारण मोक्ष की कामना से गयाकोठा को अति पावन तीर्थ माना जाता है। मान्यता के अनुसार यहीं भगवान कृष्ण ने त्रिवेणी की धार उत्पन्न की थी। मंदिर में मोक्ष के देवता महादेव और गजाधर आदि को दुग्ध अर्पित कर श्रद्धालु अपने पितरों की शांति और मोक्ष की कामना करते हैं।

— पं. विप्लव व्यास, गयाकोठा तीर्थ

उज्जैन
रविवार
27
सितम्बर, 2026

दैनिक
ब्रह्मास्त्र

सर्वद्रव्येषु विद्यैव द्रव्यमाहुरनुत्तमम्।
अहार्यत्वादनर्घ्यत्वादक्षयत्वाच्च सर्वदा।।

अर्थः ज्ञान का सार सभी पदार्थों में सबसे अच्छा है, क्योंकि इसे किसी के द्वारा पराजित नहीं किया जा सकता है; इसका मूल्य नहीं लिया जा सकता, और यह कभी नष्ट नहीं होगा।

खबर एक नजर...

क्राइम ब्रांच का एक्शन, 1000 लोगों की चेकिंग, 55 संदिग्ध पकड़े

इंदौर। अनंत चतुर्दशी चल समारोह-2026 के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर इंदौर क्राइम ब्रांच ने व्यापक चेकिंग अभियान चलाया। क्राइम ब्रांच के 137 अधिकारी-कर्मचारियों की 7 टीमों ने चल समारोह और आसपास के इलाकों में लगातार निगरानी, पेट्रोलिंग और संदिग्ध लोगों-वाहनों की जांच की। पुलिस के मुताबिक इस दौरान करीब 1000 लोगों की चेकिंग की गई और विभिन्न मामलों में 55 संदिग्ध व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार शराब, गांजा, चिलम, ई-सिगरेट और धारदार चाकू सहित अन्य सामग्री जब्त की गई। इसके अलावा मोबाइल स्केचिंग, शराब सेवन और भीड़ के बीच मोटरसाइकिल से रेस करने जैसी गतिविधियों पर भी कार्रवाई की गई। क्राइम ब्रांच द्वारा जारी विवरण के अनुसार कार्रवाई की सूची में कुल 55 लोगों के नाम शामिल हैं। इनमें इंदौर के अलावा धार, देवास, भिंड, उत्तर प्रदेश और अन्य स्थानों के निवासी भी शामिल बताए गए हैं। पुलिस के अनुसार कार्रवाई किए गए लोगों में 18 से लेकर 38 वर्ष तक की उम्र के व्यक्ति शामिल हैं। कई मामलों में संबंधित थाना पुलिस द्वारा आगे की वैधानिक कार्रवाई की गई।

इंदौर के सूर्यदेव नगर में 4 दिन पुराना शव मिला, बदबू आने पर खुलासा

इंदौर। सूर्यदेव नगर में शुक्रवार शाम 38 वर्षीय महिला की उसके घर के वॉशरूम में करीब चार दिन पुरानी डीकंपोज्ड बॉडी मिली। घर से तेज बदबू आने पर पड़ोसियों ने रिश्तेदारों को सूचना दी। इसके बाद रिश्तेदारों ने पुलिस को बुलाया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घर का ताला तोड़कर बाथरूम से अनुराधा एकतारे (38) का शव बरामद किया। पुलिस घटना की जांच कर रही है। रिश्तेदारों ने बताया कि अनुराधा की मां रंजना की पिछले साल मौत हो गई थी। इसके बाद से वह घर में अकेली रह रही थी। बताया गया कि अनुराधा अपनी निजी जिंदगी में किसी का दखल पसंद नहीं करती थी और अकेले रहना चाहती थी, इसलिए रिश्तेदारों ने भी उससे दूरी बना ली थी। हालांकि, उसके घर पर कुछ लोगों का आना-जाना बना रहता था। शुक्रवार को पड़ोसियों ने अनुराधा के घर से तेज बदबू आने पर रिश्तेदारों को फोन किया। रिश्तेदारों ने पुलिस को सूचना दी। शव पूरी तरह डीकंपोज हो चुका था, जिससे मौत कई दिन पहले होने का अनुमान है। पुलिस ने शुक्रवार शाम शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। शनिवार को पोस्टमार्टम किया जाएगा। रिश्तेदारों ने फिलहाल किसी व्यक्ति पर शक नहीं जताया है। पुलिस हादसे समेत दूसरे पहलुओं पर जांच कर रही है। घर पर आने-जाने वाले लोगों से पूछताछ के बाद मौत की वजह और समय का पता चल सकेगा।

इंदौर 5 साल से कर रहा इंतजार:भोपाल के मास्टर प्लान का ड्रॉफ्ट जारी

इंदौर। भोपाल के मास्टर प्लान का ड्रॉफ्ट शनिवार को जारी कर दिया गया है। अब इंदौर की बारी है, क्योंकि हमारा पिछला मास्टर प्लान 2021 में ही समाप्त हो चुका है। पांच साल से नए प्लान का इंतजार हो रहा है। हालांकि अफसरों का दावा है शहर का मास्टर प्लान-2041 भी तैयार हो चुका है। शासन से मंजूरी मिलना बाकी है। टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग ने सर्वे, भूमि उपयोग अध्ययन और अन्य रिपोर्टों के आधार पर ड्राफ्ट तैयार कर मुख्यालय को भेज दिया है। सूत्रों का कहना है कि नए प्लान में 2041 की 53 लाख आबादी को आधार बनाया गया है। प्लानिंग एरिया 505 से 880 वर्ग किमी होगा। नियोजन क्षेत्र में गांवों की संख्या 90 से 169 हो जाएगी। नया मास्टर प्लान 2041 की अनुमानित 53 लाख आबादी के हिसाब से बनाया गया है। 2021 में आबादी का अनुमान 35.66 लाख था।

ड्राफ्ट मुख्यालय भेज दिया है ^सभी सर्वे, एनालिसिस के बाद ड्राफ्ट प्लान का प्रस्ताव मुख्यालय को भेजा जा चुका है। फैसला होने के बाद मास्टर प्लान जारी किया जाएगा। - डॉ. शुभाशीष. बनर्जी, संयुक्त संचालक, टीएंडसीपी

गारंटी पीरियड में निगम ही तोड़ रहा सड़कें...:ठेकेदार की जिम्मेदारी खुद ही खत्म हो जाती है

इंदौर। नगर निगम ने सीमेंट की जिन सड़कों पर पांच साल में 800 करोड़ रुपए खर्च किए हैं, वे गारंटी पीरियड में ही टूट रही हैं। इसको लेकर न किसी की जवाबदेही तय की गई है और न ही निगम के पास इसका कोई रिकॉर्ड है। जहां-जहां सीमेंट सड़कें बन रही हैं, वहां पहले से ही सीमेंट की सड़कें थी, किसी सड़क को क्रेक आने पर तोड़ा गया तो कहीं पाइप लाइन के लिए तोड़ दिया गया। बाद में गड्ढे को मिट्टी भरकर छोड़ दिया गया और अब लोग परेशानी भुगत रहे हैं। जनकार्य, ड्रेनेज और पेयजल विभाग के सब-इंजीनियरों के बीच समन्वय की कमी से नई बनी सीमेंट सड़कों को ही पाइपलाइन के लिए खोदा जा रहा है। सड़क बनाने से पहले यूटिलिटी की जानकारी साझा नहीं होने से गारंटी पीरियड में सड़क काटने की नौबत आती है। स्थिति यह है कि हर पार्षद को अपने-अपने वार्ड में एक-एक करोड़ की सड़क बनाने की स्वीकृति है। वही तय करते हैं कौन सी सड़क बनेगी और फिर निगम के अफसर प्रस्ताव बना देते हैं।

कलेक्टर शिवम वर्मा के मार्गदर्शन में औषधि विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई

40 लाख की गर्भपात किट जब्त, 9 हजार सेफ टी किट मिलीं

धार कोठी की कार्रवाई से मिला सुराग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

कलेक्टर शिवम वर्मा के मार्गदर्शन में औषधि विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लसूड़िया मोरी स्थित मोदी ब्रदर्स एसोसिएट्स के गोदाम पर छापा मारा। कार्रवाई के दौरान गोदाम से बड़ी मात्रा में गर्भपात किट बरामद हुई हैं।

टीम ने मौके से सेफ टी किट के 9,360 पैक जब्त किए हैं। इनकी बाजार कीमत करीब 40 लाख रुपए बताई जा रही है। औषधि विभाग को गोदाम में बड़ी मात्रा में गर्भपात किट रखे होने की सूचना मिली थी। इसके बाद विभाग की टीम ने लसूड़िया मोरी क्षेत्र स्थित मोदी ब्रदर्स एसोसिएट्स के गोदाम पर कार्रवाई की। जांच के दौरान टीम को बड़ी संख्या में सेफ टी किट के पैक मिले। अधिकारियों ने किट को जब्त कर लिया है। जब्त सामग्री की अनुमानित बाजार कीमत करीब 40 लाख रुपए बताई गई है।



गोदाम से मिले 9,360 पैक- कार्रवाई के दौरान गोदाम से सेफ टी किट के कुल 9,360 पैक मिले। इतनी बड़ी मात्रा में किट मिलने के बाद औषधि विभाग की टीम ने इनके दस्तावेज और स्टॉक से संबंधित रिकॉर्ड की जांच शुरू कर दी है। विभाग की ओर से यह भी पता लगाया जा रहा है कि इतनी बड़ी मात्रा में किट का स्टॉक गोदाम में किस उद्देश्य से रखा गया था और इसकी आपूर्ति कहां-कहां की जानी थी।

धार कोठी के गोदाम की कार्रवाई से मिला सुराग

औषधि विभाग की इस कार्रवाई का कनेक्शन इससे पहले धार कोठी क्षेत्र में की गई कार्रवाई से जुड़ा बताया जा रहा है। धार कोठी स्थित गोदाम में की गई जांच के दौरान मिले सुरागों के आधार पर विभाग की टीम लसूड़िया मोरी स्थित मोदी ब्रदर्स एसोसिएट्स के गोदाम तक पहुंची। इसके बाद टीम ने यहां जांच और छापे की कार्रवाई की, जिसमें बड़ी संख्या में गर्भपात किट बरामद हुईं।

दस्तावेजों और स्टॉक की जांच जारी

फिलहाल औषधि विभाग की टीम जब्त की गई किट और उससे जुड़े दस्तावेजों की जांच कर रही है। अधिकारियों की जांच के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि किट का स्टॉक कहां से आया था और इसकी आगे आपूर्ति कहां की जानी थी। मामले में नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।



एमजीएम से जुड़े अस्पतालों में बीवीजी कर्मचारियों का प्रदर्शन

दो महीने से सैलरी अटकी, कर्मचारी परेशान

बोले- किराए से रह रहे घर चलाना मुश्किल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

एमजीएम मेडिकल कॉलेज से जुड़े अस्पतालों में काम करने वाले बीवीजी कंपनी के आउटसोर्स कर्मचारियों की सैलरी अटकने से आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें करीब दो महीने से वेतन नहीं मिला है।

वहीं जिन कर्मचारियों के खाते में भुगतान आया भी है, उनका आरोप है कि पूरी सैलरी के बजाय 4 से 5 हजार रुपए कम दिए गए हैं। सैलरी नहीं मिलने से परेशान कर्मचारी कई बार प्रदर्शन कर चुके हैं। कर्मचारियों का कहना है कि वे कम वेतन में परिवार का खर्च चलाते हैं।

किसी के घर में छोटे बच्चे हैं तो कोई किराए के कमरे में रहता है। ऐसे में दो महीने तक वेतन नहीं मिलने से घर का खर्च, किराया और रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करना मुश्किल हो गया है। कुछ दिनों पहले कर्मचारी कलेक्टर कार्यालय तक पैदल गए थे और वहां शिकायत की थी।



बीवीजी को मार्च से भुगतान नहीं मिला, इसलिए वेतन में देरी- बीवीजी इंडिया लिमिटेड का कहना है कि कंपनी को संबंधित कार्य का भुगतान मार्च माह से प्राप्त नहीं हुआ है। लगातार भुगतान लंबित रहने के कारण कंपनी के सामने कर्मचारियों के वेतन भुगतान को लेकर वित्तीय कठिनाई उत्पन्न हुई है। कंपनी के अनुसार फेसिलीटी मेनेजमेंट सर्विस के लिए बीवीजी का चयन दिसंबर में निविदा प्रक्रिया के माध्यम से हुआ था। टेंडर मिलने के बाद कंपनी ने कर्मचारियों की तैनाती की और दिसंबर से लगातार सेवाओं का संचालन किया। कंपनी का कहना है कि उसने दिसंबर से मार्च तक कर्मचारियों के वेतन भुगतान और साइट संचालन को प्राथमिकता देते हुए सेवाएं जारी रखीं। हालांकि मार्च से संबंधित कार्य का भुगतान प्राप्त नहीं हुआ। इसी कारण वर्तमान में कर्मचारियों के वेतन भुगतान में देरी हुई है।

एचएलएल के जरिए मिला था काम- एमजीएम मेडिकल कॉलेज ने एचएलएल को टेंडर दिया था और एचएलएल ने आगे बीवीजी को काम की जिम्मेदारी दी। जानकारी के मुताबिक एचएलएल की ओर से भुगतान लंबित होने के कारण बीवीजी को भी भुगतान प्राप्त नहीं हो सका है।

अधिकारी कहते हैं कंपनी के पास पैसा नहीं

कर्मचारियों का आरोप है कि जब वे वेतन को लेकर अधिकारियों से बात करते हैं तो उन्हें बताया जाता है कि कंपनी के पास पैसा नहीं है। बता दें कि एमजीएम मेडिकल कॉलेज से जुड़े अस्पतालों में फैसिलीट मेनेजमेंट सर्विस के तहत बीवीजी के करीब एक हजार से अधिक कर्मचारी सेवाएं दे रहे हैं। कर्मचारियों के प्रदर्शन के चलते अस्पतालों में काम करने वाले इन आउटसोर्स कर्मचारियों की सैलरी का मुद्दा सामने आया है।

क्राइम ब्रांच की स्टडी में खुलासा

इंदौर के 7 थाने बने ड्रग्स तस्करी के हॉटस्पॉट, 21 पेडलर गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

एमडी ड्रग्स और ब्राउन शुगर की तस्करी में शहर के कुछ इलाके लगातार सामने आ रहे हैं। क्राइम ब्रांच की 9 महीने की स्टडी के मुताबिक, तस्करी के मामलों में गिरफ्तार करीब 80% आरोपी खजराना, चंदन नगर, आजाद नगर, हीरानगर, सदर बाजार, रावजी बाजार और आसपास के इलाकों से जुड़े हैं।

सितंबर के 26 दिन में हुई 15 कार्रवाइयों में इन्हीं इलाकों से जुड़े 21 पेडलर गिरफ्तार किए गए। इनसे करीब 60 लाख रुपए की एमडी ड्रग्स, ब्राउन शुगर, एक दर्जन से ज्यादा बाइक और 8 कारें जब्त की गईं। डीसीपी क्राइम राजेश त्रिपाठी के मुताबिक, एक महीने की कार्रवाई में सबसे ज्यादा आरोपी इन्हीं थाना क्षेत्रों से पकड़े गए हैं। पुलिस ने इन क्षेत्रों को ड्रग तस्करी के हॉट स्पॉट के रूप में चिह्नित किया है। गिरफ्तार आरोपियों की बैकवर्ड लिंक की जांच में मंदसौर, नीमच और श्यामगढ़ तक कनेक्शन सामने आया है। पुलिस के अनुसार प्रतापगढ़-श्यामगढ़ और सीमावर्ती क्षेत्रों से एमडी शहर में सप्लाई की जा रही है। स्थानीय युवाओं की भूमिका सामने आई क्राइम ब्रांच के मुताबिक, गिरफ्तार पेडलरों की जानकारी निकालने पर तस्करी में स्थानीय युवाओं की भूमिका सामने आई है। पुलिस अब आरोपियों की बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंक खंगालकर पता लगा रही है कि ड्रग्स कहां से पहुंच रही है और शहर में किन इलाकों में सप्लाई हो रही है। जांच के दौरान 9 महीने में पकड़े गए युवाओं पर अध्ययन किया तो ज्यादातर मामलों में ऐसे युवा मिले जो बहुत गरीब, बेरोजगार या कम पढ़े-लिखे हैं।

अब एंडोस्कोप से स्पाइन सर्जरी- कम कट, जल्दी रिकवरी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

कम चीरा, कम तकलीफ और जल्दी सामान्य जिंदगी में लौटने की कोशिश स्पाइन यानी रीढ़ की हड्डी के इलाज में एंडोस्कोपिक सर्जरी तेजी से जगह बना रही है। देश में अभी 2 से 3 प्रतिशत स्पाइन सर्जरी ही इस तकनीक से हो रही हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि अगले 5 साल में यह आंकड़ा 25 से 30 प्रतिशत और अगले 10 साल में करीब 60 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। इंदौर में चल रही एंडोस्पाइनकॉन-2026 के दूसरे दिन देशभर से आए स्पाइन सर्जनों ने नई तकनीक, ऑपरेशन के बाद रिकवरी और मरीजों के सामने आने वाली चुनौतियों पर चर्चा की। कॉन्फ्रेंस का आयोजन इंदौर स्पाइनल वेलफेयर सोसाइटी और इंदौर स्पाइन सर्जन एसोसिएशन ने किया। तमिलनाडु के एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जन डॉ. पलानी कुमार ने बताया कि स्पाइन की करीब 70 प्रतिशत समस्याओं में एंडोस्कोपिक तरीके से इलाज किया जा सकता है। इस तकनीक में बड़े चीरे की जगह छोटे चीरे के जरिए कैमरे और जरूरी उपकरणों को अंदर ले जाकर ऑपरेशन किया जाता है। हालांकि हर मरीज के लिए यह तरीका उपयुक्त नहीं है। रीढ़ की गंभीर विकृति और कुछ तरह के फ्रैक्चर में दूसरी तरह की सर्जरी की जरूरत पड़ सकती है। डॉ. कुमार ने कहा कि मरीजों को स्पाइन सर्जरी के नाम से डरने की जरूरत नहीं है। पहले जांच कराएं और विशेषज्ञ डॉक्टर से यह समझें कि उनके लिए कौन-सा इलाज बेहतर रहेगा।

एआई-रीसाइक्लिंग से कंपोस्टेबल प्लास्टिक तक दिखेंगी नई तकनीकें

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

मध्य भारत के प्लास्टिक और पैकेजिंग उद्योग को नया मंच देने के लिए प्लास्ट पैक 2026 का आयोजन 27 से 30 नवंबर तक इंदौर के लाभगंगा प्रदर्शनी केंद्र में किया जाएगा। इस चार दिवसीय बी2बी औद्योगिक प्रदर्शनी में 500 से अधिक स्टॉल और 450 से ज्यादा कंपनियों के डेमोस्ट्रेटर्स शामिल होंगे।

इंडियन प्लास्ट पैक फोरम द्वारा आयोजित इस देश के आठ से अधिक राज्यों से उद्योग प्रतिनिधियों और खरीदारों सहित 2 लाख से अधिक विजिटर्स के पहुंचने की उम्मीद है। पिछले आयोजन की तुलना में फुटफॉल 30% अधिक रहने का अनुमान है।

प्रदर्शनी में प्लास्टिक और पैकेजिंग उद्योग की मशीनरी, कच्चा माल, रीसाइक्लिंग तकनीक, पैकेजिंग समाधान, ऑटोमेशन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित तकनीकों को प्रदर्शित किया जाएगा। इस बार आयोजन में ग्रीन टेक्नोलॉजी, सस्टेनेबल पैकेजिंग और सर्कुलर इकोनॉमी पर विशेष जोर रहेगा।



प्लास्ट पैक 2026 की खास बातें

फोकसः प्लास्टिक, पैकेजिंग, रीसाइक्लिंग, ऑटोमेशन, एआई और सस्टेनेबल टेक्नोलॉजी।

सरकारी हेल्पडेस्कः उद्योग, निवेश, सब्सिडी और योजनाओं की जानकारी के लिए।

स्टार्टअप जोनः नए उद्यमों और नवाचारों को मंच।

जॉब प्लेसमेंट प्रोग्रामः युवाओं को उद्योगों से सीधे जोड़ने की पहल।

बायोप्लास्टिक से एआई रीसाइक्लिंग तक तकनीकों का प्रदर्शन

प्लास्ट पैक 2026 में प्लास्टिक उद्योग में तेजी से हो रहे तकनीकी बदलावों को लाइव प्रदर्शनों के जरिए दिखाया जाएगा। प्रदर्शनी में सिंगल-यूज प्लास्टिक के विकल्पों से लेकर आधुनिक रीसाइक्लिंग और स्मार्ट पैकेजिंग तक की तकनीकें देखने को मिलेंगी। प्रमुख आकर्षणों में 100% प्रतिशत कंपोस्टेबल प्लास्टिक, वाटर-सॉल्यूबल फिल्म्स, पेपर-बेस्ड पैकेजिंग, ऑल-इलेक्ट्रिक इंजेक्शन मोल्डिंग मशीनें, एआई आधारित रीसाइक्लिंग प्लांट और स्मार्ट पैकेजिंग सामग्री शामिल हैं। प्रदर्शनी से पहले देश के 23 औद्योगिक शहरों में रोड शो किए जा रहे हैं। इसका उद्देश्य प्लास्टिक, पैकेजिंग और संबद्ध उद्योगों से जुड़े कारोबारियों को आयोजन से जोड़ना है।

कहीं मेडिकल सर्टिफिकेट गायब, कहीं पानी की जांच रिपोर्ट नहीं

इंदौर में बस स्टैंड के आसपास के होटलों पर छापा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर में बस स्टैंड के आसपास खाद्य प्रतिष्ठानों में खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता व्यवस्था की जांच के लिए शनिवार को खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम ने कार्रवाई की। निरीक्षण में कई प्रतिष्ठानों पर जरूरी दस्तावेज और खाद्य सुरक्षा से जुड़ी व्यवस्थाएं अधूरी मिलीं।

कहीं कर्मचारियों के मेडिकल प्रमाण-पत्र नहीं थे तो कहीं पानी और खाद्य पदार्थों की जांच रिपोर्ट उपलब्ध नहीं मिली। नीलकंठ भोजनालय में रोटी समाचार-पत्र पर रखी हुई मिली। टीम ने अलग-अलग प्रतिष्ठानों से 8 खाद्य नमूने जांच के लिए लिए हैं।

यह कार्रवाई खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, मध्यप्रदेश के आयुक्त के निर्देशन और कलेक्टर शिवम वर्मा के मार्गदर्शन में की गई।



भारतीय भोजनालय में कई दस्तावेज नहीं मिले- साउथ तुकोगंज स्थित भारतीय भोजनालय के निरीक्षण के दौरान खाद्य कर्मियों के मेडिकल प्रमाण-पत्र, पेस्ट कंट्रोल प्रमाण-पत्र, खाद्य परीक्षण रिपोर्ट और पानी की जांच रिपोर्ट मौके पर उपलब्ध नहीं मिली। कमियों को लेकर प्रतिष्ठान को सुधार सूचना नोटिस जारी किया जा रहा है।

साईं प्रसाद डाइनिंग हॉल में रखरखाव पर भी सवाल

रानी सराय स्थित साईं प्रसाद डाइनिंग हॉल में मेडिकल और पेस्ट कंट्रोल प्रमाण-पत्र के साथ खाद्य परीक्षण और पानी की जांच रिपोर्ट नहीं मिली। कच्चे खाद्य पदार्थों के उचित रखरखाव की व्यवस्था और खाद्य सुपरवाइजर प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र भी उपलब्ध नहीं था। टीम ने यहां से मिर्ची पाउडर और हल्दी पाउडर के 2 नमूने लिए।

नीलकंठ भोजनालय में अखबार पर रखी थी रोटी

नीलकंठ भोजनालय में कर्मचारियों के मेडिकल प्रमाण-पत्र और पानी की जांच रिपोर्ट उपलब्ध नहीं मिली। निरीक्षण के दौरान रोटी समाचार-पत्र पर रखी हुई मिली। यहां से पनीर और चावल के 2 नमूने लिए गए।

जेके ट्रेडर्स से तेल-दाल के 4 सैंपल

सिंधी कॉलोनी स्थित जेके ट्रेडर्स से सोयाबीन तेल, तिल का तेल, मूंग दाल और तुअर दाल के 4 नमूने लिए गए। सभी 8 नमूनों को राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, भोपाल भेजा जा रहा है। जांच रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

खबर एक नजर...

बैंकों की 7000 ब्रांच आज खुलेंगी, सोमवार से 3 दिन बंद रहेंगे सरकारी बैंक

भोपाल। बैंक से जुड़ा आपका कोई काम अगर पेंडिंग है तो उसे आज ही निपटा लें। रविवार की छुट्टी होने के बावजूद आज सरकारी बैंक खुलेंगे। कल से 30 सितंबर तक बैंक बंद रहेंगे क्योंकि 5 डे वीक वर्किंग की मांग को लेकर मध्य प्रदेश के 40 हजार बैंककर्मी हड़ताल पर रहेंगे। भोपाल की 400, इंदौर की 800 और उज्जैन में 300 मिलाकर पूरे प्रदेश में बैंकों की 7 हजार ब्रांच हैं। अधिकांश शाखाओं में स्केल 3 तक अधिकारी-कर्मचारी कार्यरत हैं। स्केल-4 या इससे ऊपर के अफसर बैंकों में पहुंचेंगे जरूर, लेकिन वे बिना स्टाफ के ग्राहकों को सेवाएं नहीं दे सकेंगे। शनिवार और रविवार को सरकारी छुट्टी, इसके बाद तीन दिन की हड़ताल यानी, बैंक लगातार 5 दिन बंद रहते। इसके चलते रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने रविवार को भी बैंक खोलने की अनुमति दी है। इस दिन बैंक शाखाओं में तो काम होगा ही, करेंसी चेस्ट भी चालू रहेगा। बैंककर्मियों की हड़ताल से नकद जमा-निकासी, चेक क्लियरिंग, ड्राफ्ट, पासबुक अपडेट और शाखा के दूसरे काम प्रभावित होंगे। डिजिटल सेवाएं ही जारी रहेंगी।

जबलपुर में 2 युवकों को मारी गोली, एक की मौत

जबलपुर। जबलपुर के भोलानगर में शनिवार शाम बाइक सवार हमलावरों ने 2 युवकों को गोली मार दी। मौके पर ही एक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गए। पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान प्रेमसागर निवासी करण पावड़े के रूप में हुई है। घटना के समय करण अपने साथी के साथ खड़ा था। इसी दौरान बाइक सवार हमलावर पहुंचे और 3-4 राउंड फायरिंग कर दी। स्थानीय लोगों के मुताबिक, हमलावरों के भागने के बाद करण जमीन पर पड़ा मिला। एम्बुलेंस से उसे विक्टोरिया अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया। पुलिस के मुताबिक, शनिवार शाम करीब 5 बजे करण पावड़े अपने साथी के साथ खड़ा था। इसी दौरान बाइक से दो अज्ञात युवक पहुंचे और बिना किसी से बात किए करण पर गोली चला दी। गोलियों की आवाज सुनते ही चौराहे पर भगदड़ मच गई। घटना की सूचना मिलते ही हनुमानताल पुलिस और प्रेमसागर चौकी की टीम मौके पर पहुंची। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, दो बाइक पर चार लोगों के आने की बात सामने आई है, जबकि फायरिंग करने वाले दो अज्ञात युवक थे।

गर्लफ्रेंड से मिलने आया युवक कर रहा था बाइक चोरी

रायगढ़। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में बाइक चोरी के मामले में पुलिस ने शनिवार को मध्य प्रदेश के रहने वाले युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी यहां अपनी गर्लफ्रेंड से मिलने आया था। पैसे खत्म होने के बाद खर्च चलाने के लिए वह बाइक चोरी करने लगा। आरोपी चाबी लगी बाइक को निशाना बनाता था। चोरी की बाइक से घूमता था और पेट्रोल खत्म होने के बाद उसे छोड़कर फरार हो जाता था। खर्च चलाने के लिए उसने कुछ बाइक बेच भी दीं। वारदात से जुड़ी सीसीटीवी फुटेज भी सामने आई है। सीसीटीवी फुटेज में आरोपी पैदल आता और बाइक चोरी कर ले जाता साफ नजर आ रहा है। पुलिस ने आरोपी के पास से स्कूटी समेत 5 दुपहिया वाहन जब्त किए हैं, जिनकी कीमत करीब 2.50 लाख रुपए है। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है।

प्रेमानंदजी का शिष्य चौथी मंजिल से कूदा, मौत

भोपाल। वृंदावन में संत प्रेमानंद महाराज के 25 साल के शिष्य ने चौथी मंजिल से कूदकर जान दे दी। उनके प्राइवेट पार्ट से खून बह रहा था। कमरे में एक ग्राइंडर मिला है, जिस पर खून लगा था। आशंका है कि शिष्य ने ग्राइंडर से प्राइवेट पार्ट को नुकसान पहुंचाया था। शिष्य का नाम रसिक दुलारी शरण था। सीओ संदीप सिंह ने कहा- जांच में एक वीडियो मिला है, इसमें रसिक दुलारी शरण बिल्डिंग से कूदते नजर आ रहे हैं। उन्होंने सुसाइड क्यों किया। इसकी जांच की जा रही है। घटना वाराह घाट इलाके के 4 मंजिला गुरु कृपा कुंज बिल्डिंग की है। बिल्डिंग प्रेमानंद महाराज के ट्रस्ट केली कुंज की है। इसमें प्रेमानंदजी के आश्रम से जुड़े 50 से ज्यादा शिष्य और सेवादार रहते हैं। यह बिल्डिंग प्रेमानंद के पुराने केली गुंज आश्रम से 500 मीटर दूर है। पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार सुबह 11 बजे के करीब रसिक दुलारी शरण इसी बिल्डिंग की चौथी मंजिल पर गए। कुछ देर वहां बैठे और फिर छलांग लगा दी। गंभीर हालत में उन्हें सर्वोदय अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई।

छात्रावास में सुविधाओं के लिए सड़क पर उतरना पड़ा

बड़वानी। बड़वानी के संयुक्त बालिका छात्रावास की करीब 150 छात्राएं शनिवार को मूलभूत सुविधाओं की बदहाली से तंग आकर सड़क पर उतर आईं। छात्राएं करीब एक किमी पैदल मार्च करते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंचीं और जमकर प्रदर्शन किया। छात्राओं का आरोप है कि छात्रावास में उन्हें पीने का पानी, गुणवत्तापूर्ण खाना और बुनियादी सुविधाएं तक नसीब नहीं हो रही हैं।

रीवा-सतना समेत 7 जिलों में तेज बारिश का अलर्ट

मप्र में 95.4% बारिश, यह 'सामान्य बारिश' से कम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल



सितंबर के आखिरी दिनों में मध्य प्रदेश के पूर्वी हिस्से में भारी बारिश का दौर रहा। इससे अब तक मानसून की औसत 35.6 इंच बारिश हो चुकी है। यह कोटे की 95.4 प्रतिशत है। यह सामान्य बारिश' की कैटेगिरी से पीछे है। 96 से 104% तक होने वाली बारिश को ही 'सामान्य बारिश' माना जाता है। मौसम केंद्र की माने तो भोपाल, ग्वालियर समेत 25 जिलों को छोड़ दें तो बाकी में कोटा पूरा नहीं हुआ है। इंदौर संभाग सबसे ज्यादा पिछड़ा है। मानसून को अब 4 दिन ही बाकी बचे हैं। ऐसे में भारी बारिश होने की संभावना कम ही है। लिहाजा, प्रदेश के आधे जिलों में अबकी बार बारिश का कोटा फुल नहीं होगा। हालांकि, 7 जिलों में आंकड़ा सामान्य बारिश के करीब है। प्रदेश में सबसे ज्यादा 50 इंच बारिश मऊगंज, सतना और उमरिया में हुई है, जबकि इंदौर संभाग के आलीराजपुर में 20 इंच पानी भी नहीं गिरा है।

इधर, प्रदेश के जिन 25 जिलों में 100% या इससे ज्यादा बारिश हो चुकी है, उनमें भोपाल, राजगढ़, बुरहानपुर, खरगोन, कटनी, मंडला, ग्वालियर, शिवपुरी, गुना, दतिया, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, मैहर, आगर-मालवा, भिंड, श्योपुर, सिंगरौली, सीधी, सतना, मऊगंज, शहडोल, उमरिया और अनूपपुर शामिल हैं।

वहीं, 90 से 99 प्रतिशत वाले जिलों में नरसिंहपुर, बालाघाट, डिंडौरी, अशोकनगर, दमोह, मंदसौर और मुरैना शामिल हैं।

मौसम विभाग के अनुसार, मानसून सीजन 1 जून से शुरू होकर 30 सितंबर तक चलता है। इस दौरान होने वाली बारिश मानसूनी कहलाती है। हालांकि, कई बार अक्टूबर में भी बारिश होती है, जो एक तरह से बोनस के रूप में ही होती है, लेकिन इसे मौसम विभाग रिकॉर्ड नहीं करता।

इस बार 9 दिन लेट आया था मानसून

बता दें कि इस बार मानसून 9 दिन देरी से 24 जून को पहुंचा था और अगले नौ दिन में पूरे प्रदेश को कवर कर लिया। देरी की वजह से प्रदेश में जून महीने में 30 प्रतिशत बारिश कम हुई थी, लेकिन जुलाई के पहले सप्ताह में ये आंकड़ा प्लस में 8 प्रतिशत पर आ गया। अगस्त के दूसरे सप्ताह में भारी बारिश का दौर शुरू हो गया, जो आखिरी तक तक जारी है। सितंबर के पहले सप्ताह में भारी बारिश का दौर बना रहा। तीसरे सप्ताह में पश्चिमी हिस्से में अच्छी बारिश हुई। आखिरी सप्ताह में प्रदेशभर में कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश हो रही है। अनूपपुर, छतरपुर, डिंडौरी, कटनी, मैहर, मंडला, मऊगंज, निवाड़ी, पन्ना, सतना, शहडोल, सीधी, सिंगरौली, टीकमगढ़, उमरिया, आगर-मालवा, भिंड, भोपाल, बुरहानपुर, दतिया, गुना, ग्वालियर, खरगोन, राजगढ़, श्योपुर और शिवपुरी में ही औसत से ज्यादा बारिश दर्ज की गई।

चित्रकला प्रतियोगिता में 152 विद्यार्थियों ने उकेरे रंग, टॉप-10 में सात छात्राओं ने मारी बाजी

सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसायटी ने किया आयोजन, रेहाना खान और इरफान राइन का हुआ सम्मान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसायटी द्वारा शिक्षाविद सैयद खुर्शीद अली और महान चित्रकार अब्दुल रहीम गुट्टी की स्मृति में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आदर्श नगर स्थित अमीरा अकादमी में हुई इस स्पर्धा में 152 विद्यार्थियों ने विज्ञान, पर्यावरण, स्वच्छता, यातायात और शिक्षा विषय पर कैनवास पर अपनी रचनात्मकता उकेरी। विद्यार्थियों की उत्कृष्ट कलाकृतियों के चलते निर्णायकों के लिए टॉप-10 का चयन करना मुश्किल हो गया।

प्रतियोगिता के टॉप-10 विजेताओं में सात छात्राओं ने जगह बनाकर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया। संस्था द्वारा टॉप-10 के अलावा सभी 152 प्रतिभागियों को उनका मनोबल बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन पुरस्कार दिए गए। समारोह में शिक्षाविद रेहाना खान को 'खुर्शीद अली अवार्ड' और इरफान राइन को 'अब्दुल रहीम गुट्टी अवार्ड' से सम्मानित किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए इंदौर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. इरशाद खानम ने सोसायटी के सामाजिक और रचनात्मक कार्यों की सराहना की। मुख्य अतिथि लायंस क्लब-2 के अध्यक्ष शाहिद हाशमी ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों को रचनात्मक कार्यों की प्रेरणा देते हैं।

मैसेज में एडमिशन के लिए सेक्स की डिमांड

प्रोफेसर के खिलाफ छात्रा ने की शिकायत, 3 और पीड़िताएं सामने आईं; आरोपी गिरफ्तार, सस्पेंड

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बालाघाट

बालाघाट जिले के एक सरकारी कॉलेज में एनसीसी एडमिशन को लेकर छात्रा ने प्रोफेसर पर गंभीर आरोप लगाए हैं। आरोप है कि एडमिशन के बदले शारीरिक संबंध बनाने की मांग की गई। छात्रा की शिकायत के बाद पुलिस ने असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. राजेंद्र सिंह कुशराम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उच्च शिक्षा विभाग ने भी उन्हें सस्पेंड कर दिया है।

डॉ. राजेंद्र सिंह कुशराम कॉलेज में सहायक प्राध्यापक थे। वे एनसीसी प्रभारी भी थे। आरोप है कि ठउउ में सीट खाली नहीं होने के बावजूद एडमिशन दिलाने के लिए उन्होंने छात्रा को मोबाइल पर मैसेज भेजकर शारीरिक संबंध बनाने की मांग की। पीड़िता ने गुरुवार रात बैहर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। उसने आरोपी के भेजे मैसेज, वॉइस रिकॉर्डिंग और अन्य सबूत पुलिस को सौंपे। अभियोजन की ओर से पैरवी करने वाले वकील नारायण धुर्वे ने बताया कि एडमिशन कराने के बदले अनैतिक कार्य करने के लिए मोबाइल पर मैसेज भेजकर शारीरिक संबंध बनाने की मांग की गई थी। उनके मुताबिक, पुलिस ने पीड़िता से मिले साक्ष्यों और वॉइस रिकॉर्डिंग की जांच की। इसके बाद आरोपी के खिलाफ यौन उत्पीड़न का केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया।

पुलिस के मुताबिक, आरोपी एनसीसी में छात्राओं के नाम जोड़ने की बात करता था। वह कहता था- यदि मैं तुम्हारा नाम जोड़ दूं तो तुम क्या करोगी। इसके अलावा वह पार्टी के लिए भी रुक जाने की बात कहता था। मामले में शुरूआत में एक छात्रा ने शिकायत की थी। इसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की। जांच के दौरान तीन और छात्राओं ने आरोपी के खिलाफ इसी तरह की शिकायत की। इस तरह अब तक 4 छात्राओं की शिकायत सामने आ चुकी है।

कोर्ट ने खारिज की जमानत जेल भेजने के आदेश

पुलिस ने आरोपी प्रोफेसर को गिरफ्तार करने के बाद अदालत में पेश किया। सहायक जिला अभियोजन अधिकारी नारायण धुर्वे के मुताबिक, आरोपी की ओर से न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी शिवानी असाटी की कोर्ट में जमानत याचिका लगाई गई थी। अदालत ने इसे खारिज कर दिया और आरोपी को जेल भेज दिया। मामला सामने आने के बाद उच्च शिक्षा विभाग ने भी कार्रवाई की। शनिवार को विभाग के उपसचिव एल.के. खरे ने डॉ. राजेंद्र सिंह कुशराम के निलंबन का आदेश जारी किया। निलंबन की अवधि में उनका मुख्यालय क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा कार्यालय, जबलपुर तय किया गया है।

लाडी लोहाणा सिंधी पंचायत का 41वां राष्ट्रीय सम्मेलन आज से

रुद्राक्ष गार्डन माहेश्वरी धर्मशाला में होगा आयोजन, नई कार्यकारिणी के गठन और सामाजिक नियमों पर होगा मंथन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अखिल भारत लाडी लोहाणा सिंधी पंचायत का 41वां राष्ट्रीय सम्मेलन रविवार और सोमवार को माहेश्वरी धर्मशाला स्थित रुद्राक्ष गार्डन में आयोजित किया जाएगा। कार्यकारी अध्यक्ष रूपचंद सेवकाणी और महासचिव अशोक कुमार लीलवाणी के नेतृत्व में होने वाले इस दो दिवसीय सम्मेलन में समाज के कई महत्वपूर्ण विषयों पर निर्णय लिए जाएंगे।

शहर पंचायत के उपाध्यक्ष दीपक राजवानी ने सर्कुलर के अनुसार बताया कि सम्मेलन में समाज के युवक-युवतियों के रिश्तों पर विचार-विमर्श कर उचित निर्णय लिए जाएंगे। इसके साथ ही पंचायत के पुराने नियमों की समीक्षा कर नए नियमों को सदन से पारित करवाकर लागू किया जाएगा। सम्मेलन के दौरान पुरानी केंद्रीय कार्यकारिणी को भंग कर नई कार्यकारिणी का गठन होगा। केंद्र प्रमुख द्वारा दिए गए सुझावों पर भी विस्तार से चर्चा की जाएगी।

पेश होगा ट्रस्ट का हिसाब, बकाया शुल्क होगा जमा

सम्मेलन में पिछले आयोजन की कार्रवाई पढ़कर पारित की जाएगी और अब तक हुए कार्यों की जानकारी दी जाएगी। अखिल भारत के दो ट्रस्टों और केंद्र का आय-व्यय का हिसाब पेश कर उसे सदन से पास कराया जाएगा। पिछले सम्मेलन में पारित प्रस्तावों के अनुसार अलग-अलग सगाई शुल्क और प्रत्येक परिवार का 100 रुपए वार्षिक शुल्क केंद्र में जमा कराया जाएगा। पंचायत का बकाया एजुकेशन और केंद्र शुल्क भी ऑनलाइन या नकद जमा कर रसीद प्रदान की जाएगी।

डेलीगेट्स को मिलेगा वोटिंग का अधिकार

सभी शहर पंचायतों को अपनी मीटिंग में चुने गए डेलीगेट्स के नाम, मोबाइल नंबर और आधार कार्ड की जानकारी देनी होगी, जिससे उनकी व्यवस्था और वोटिंग पावर सुनिश्चित किया जा सके। सभी प्रांतीय प्रमुखों को शहरों की पारिवारिक सूची राष्ट्रीय अध्यक्ष या महासचिव को सौंपनी होगी, जिसमें शहर अध्यक्ष और सचिव के नंबर शामिल हों। डेलीगेट्स के अलावा आने वाले दर्शकों के लिए केवल चाय-नाश्ते और भोजन की व्यवस्था रहेगी, उनके ठहरने की व्यवस्था उन्हें स्वयं करनी होगी। विस्तृत जानकारी के लिए उपाध्यक्ष ललित कोटक तथा व्यवस्थापक अशोक रायमलानी, कैलाश कोटक और लक्ष्मण मखीजा से संपर्क किया जा सकता है।

भेरूगढ़ ब्लॉक प्रिंट की प्रदर्शनी, पारंपरिक वेशभूषा में किया रैम्पवॉक

कालिदास कन्या महाविद्यालय में 26 दिवसीय रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण का समापन



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग की स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के तहत आयोजित 26 दिवसीय रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण का शनिवार को भव्य समापन हुआ। भेरूगढ़ ब्लॉक प्रिंट और ब्यूटीशियन प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी छात्राओं ने इस अवसर पर अपने हुनर का शानदार प्रदर्शन किया। छात्राओं ने जहां भेरूगढ़ प्रिंट से तैयार वस्त्रों की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई, वहीं ब्यूटीशियन कोर्स की छात्राओं ने विभिन्न पारंपरिक और आधुनिक वेशभूषाओं में सजकर रैम्पवॉक किया।

समारोह के मुख्य अतिथि लघु उद्योग भारती के उद्योगपति अतीत अग्रवाल और स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के संभागीय नोडल अधिकारी डॉ. प्रदीप लाखरे थे। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. वंदना गुप्ता ने की। मुख्य अतिथि अग्रवाल ने उबलते पानी में आलू, अंडे और कॉफी का उदाहरण देते हुए छात्राओं को सकारात्मक दृष्टिकोण रखने और कठिनाइयों को अवसर में बदलने का प्रेरक संदेश दिया। डॉ. लाखरे ने कहा कि शिक्षा के साथ व्यावहारिक कौशल हासिल कर ही आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाया जा सकता है। प्राचार्य डॉ. गुप्ता ने प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. अंजना बुंदेला व उनकी टीम को बधाई देते हुए कहा कि वर्तमान समय में सिर्फ डिग्री पर्याप्त नहीं है, कौशल ही व्यक्ति को आर्थिक रूप से सशक्त बनाता है।

झांसी में 27 से 29 सितंबर तक होगी स्पर्धा, देश भर के एक हजार खिलाड़ी दिखाएंगे जौहर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

विक्रम पुरस्कार से सम्मानित और उपायुक्त सहकारिता कार्यालय में पदस्थ मुन्नालाल मामोडिया को अखिल भारतीय आमंत्रण मल्लखंभ चैंपियनशिप 2026 के लिए राष्ट्रीय निर्णायक नियुक्त किया गया है। मल्लखंभ फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित यह प्रतियोगिता 27 से 29 सितंबर तक उत्तर प्रदेश के झांसी में होगी।

विभाग के स्टेनो अशोक चौहान ने बताया कि इस राष्ट्रीय चैंपियनशिप में देशभर के करीब एक हजार खिलाड़ी पोल और रोप मल्लखंभ में अपना जौहर दिखाएंगे। पूर्व में भी मामोडिया कई राष्ट्रीय मल्लखंभ प्रतियोगिताओं और नेशनल गेम्स में निर्णायक की महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुके हैं। उनकी खेल प्रतिभा और अनुभव के आधार पर उन्हें फिर से यह अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है। राष्ट्रीय स्तर पर निर्णायक नियुक्त होने पर सहकारिता विभाग के ज्वाइंट कमिश्नर भूपेंद्र प्रताप सिंह, डेप्युटी कमिश्नर अरुण कुमार मिश्रा, दिलीप असरानी और बीजी व्यास सहित विभिन्न खेलप्रेमियों, खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों तथा सहकर्मियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए मामोडिया को शुभकामनाएं दी हैं।

लोकमान्य तिलक विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय में मनाया राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस-

उज्जैन। लोकमान्य तिलक विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक और रंगारंग प्रस्तुतियां देकर भारतीय संस्कृति, नारी सम्मान, शिक्षा और सामाजिक जागरूकता का प्रभावशाली संदेश दिया।


12 दिन की आराधना के बाद कनिष्का ने 56 भोग लगाकर बप्पा को दी विदाई

उज्जैन। गणेश उत्सव के समापन अवसर पर अनंत चतुर्दशी के दिन शहर में श्रद्धालुओं ने आस्था और भक्तिभाव के साथ गजानन को विदाई दी। इसी कड़ी में लक्ष्मी नगर निवासी और भगवान गणेश की अनन्य भक्त कनिष्का बैंडवाल ने 12 दिनों की विशेष आराधना के बाद बप्पा को छप्पन भोग अर्पित किया। घर में ही परिवार के सभी सदस्यों के साथ महाआरती कर उन्होंने भगवान गणेश को विदा किया। कनिष्का प्रतिवर्ष गणेश उत्सव के दौरान अपने घर में प्रतिमा विराजमान करती हैं। वे गजानन में गहरी आस्था रखती हैं और हर बुधवार को उनका उपवास कर विशेष पूजा-अर्चना करती हैं। इस वर्ष भी स्थापना के बाद से लगातार 12 दिनों तक उन्होंने सुबह-शाम आरती व पूजन किया। अनंत चतुर्दशी पर विदाई वेला में आयोजित महाआरती में पूरा बैंडवाल परिवार शामिल हुआ। इस दौरान कनिष्का ने विघ्नहर्ता से अगले वर्ष जल्द आने और सभी के जीवन में सुख-समृद्धि लाने की प्रार्थना की।

एक साल में मध्यप्रदेश में रिकॉर्ड 21.05 करोड़ से अधिक टूरिस्ट आए

उज्जैन में ही 8.40 करोड़ पहुंचे; प्राणपुर बना देश का पहला क्राफ्ट हैंडलूम टूरिज्म विलेज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल



मध्य प्रदेश में साल 2025 में रिकॉर्ड 21.05 करोड़ टूरिस्ट पहुंचे। इनमें से अकेले उज्जैन में ही 8.40 करोड़ टूरिस्ट आए। प्राणपुर देश का पहला क्राफ्ट हैंडलूम टूरिज्म विलेज बना। एमपी टूरिज्म बोर्ड में शनिवार को ये आंकड़े जारी किए।

जानकारी के अनुसार, साल 2025 में मध्य प्रदेश में 21 करोड़ 5 लाख 42 हजार 503 पर्यटक पहुंचे। यह संख्या 2024 में आए 13 करोड़ 41 लाख 10 हजार 274 पर्यटकों की तुलना में 57 प्रतिशत अधिक है। यह आंकड़े प्रदेश के पर्यटन क्षेत्र में बढ़ती रुचि के साथ-साथ विभिन्न पर्यटन क्षेत्रों की व्यापक संभावनाओं को भी दशार्ते हैं।

प्रदेश में वर्ष 2025 में कुल 21 करोड़ 3 लाख 59 हजार 468 घरेलू पर्यटकों का आगमन हुआ, जो वर्ष 2024 के 13 करोड़ 39 लाख की तुलना में 57 प्रतिशत की वृद्धि दशार्ता है। कुल पर्यटक आगमन में घरेलू पर्यटकों की हिस्सेदारी 99.8 प्रतिशत रही।

इसी तरह वर्ष 2025 में 1 लाख 83 हजार 35 विदेशी पर्यटकों ने मध्य प्रदेश का भ्रमण किया, जो वर्ष 2024 के 1 लाख 67 हजार 709 की तुलना में 9.10 प्रतिशत की वृद्धि है। वर्ष 2021 में प्रदेश में 4 करोड़ 88 लाख से अधिक पर्यटक आए थे। इसके बाद वर्ष 2023 में यह संख्या बढ़कर 11 करोड़ 22 लाख से अधिक है। वर्ष 2024 में 13 करोड़ 41 लाख से अधिक और वर्ष 2025 में 21 करोड़ 5 लाख से अधिक हो गई।

प्रदेश के आरामदायक एवं अवकाश पर्यटन का लाभ लेने के लिए 3.37 करोड़ पर्यटकों ने प्रदेश के आधुनिक व प्राकृतिक नगरों का भ्रमण किया। इस सेक्टर में देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर ने 173.8 प्रतिशत की ऐतिहासिक वृद्धि दर्ज करते हुए रिकॉर्ड 2 करोड़ 80 लाख पर्यटकों की मेजबानी की और मालवा सर्किट के प्रमुख केंद्र के रूप में उभरा।

वर्ष 2025 के शीर्ष पर्यटन स्थल

उज्जैन 8 करोड़ 40 लाख से अधिक पर्यटकों के आगमन के साथ पहले स्थान पर रहा। यहां श्री महाकाल महालोक और ज्योतिर्लिंग प्रमुख आकर्षण रहे।

इंदौर में वर्ष 2025 में 2 करोड़ 80 लाख 70 हजार 73 पर्यटकों का आगमन हुआ। इंदौर शहरी एवं अवकाश पर्यटन के प्रमुख केंद्र के रूप में उभरा है और मालवा क्षेत्र में पर्यटन का मुख्य केंद्र बना है।

सतना जिले का चित्रकूट वर्ष 2025 में 1 करोड़ 62 लाख 59 हजार 837 पर्यटकों के आगमन के साथ पौराणिक एवं धार्मिक पर्यटन का प्रमुख केंद्र रहा।

मैहर में वर्ष 2025 में माँ शारदा देवी धाम के दर्शन के लिए 1 करोड़ 61 लाख 78 हजार पर्यटक आए।

दतिया का रतनगढ़ माता मंदिर वर्ष 2025 में 1 करोड़ पर्यटकों के आगमन के साथ आस्था और शक्तिपीठ का प्रमुख केंद्र रहा।

आगर-मालवा जिले का बगलामुखी मंदिर (नलखेड़ा) तांत्रिक एवं धार्मिक तीर्थ स्थल के रूप में प्रसिद्ध है,। जहां वर्ष 2025 में 51 लाख 69 हजार पर्यटक पहुँचे।

अनूपपुर स्थित अमरकंटक नर्मदा एवं सोन नदी के पावन उद्गम स्थल के रूप में वर्ष 2025 में 43 लाख 17 हजार 292 पर्यटकों को आकर्षित करने में सफल रहा पांढुर्णा का जामसांवली हनुमान मंदिर वर्ष 2025 में 41 लाख 70 हजार पर्यटकों के आगमन के साथ प्रमुख धार्मिक एवं आस्था स्थल के रूप में उभरा। दतिया का श्री पीताम्बरा पीठ वर्ष 2025 में 40 लाख पर्यटकों के आगमन के साथ प्रदेश के शीर्ष 10 पर्यटन स्थलों में शामिल रहा।

मध्य प्रदेश देश में आध्यात्मिक एवं तीर्थ पर्यटन का प्रमुख केंद्र बनके उभरा है। यहां इस वर्ष 16.92 करोड़ श्रद्धालुओं ने पावन स्थलों में शीश नवाया। श्री महाकाल महालोक के आकर्षण से उज्जैन 14.7 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि के साथ 8 करोड़ 40 लाख श्रद्धालुओं का स्वागत कर प्रदेश का शीर्ष गंतव्य बना रहा।

रीति को सलमान ने फटकारा, बोले- बिग बॉस से पहले कोई नहीं जानता था

बिग बॉस 20 में रीति तिवारी को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। ह्यवीकेंड का वारह्ल में सलमान खान ने कहा कि बिग बॉस में आने से पहले उन्हें कोई नहीं जानता था। सलमान ने उन्हें मनोज तिवारी की बेटी बताते हुए भाई-भतीजावाद का जिक्र किया। वहीं, पंजाबी सिंगर एकम बावा के दावे ने नया विवाद खड़ा कर दिया है। बावा ने दावा किया है कि वह रीति तिवारी की मां रानी तिवारी के साथ रिश्ते में थे और दोनों ने शादी भी की थी। उन्होंने खुद को रीति का सौतेला पिता और कानूनी तौर पर पिता बताया है।

वीकेंड का वार में सलमान खान ने भी रीति तिवारी की पहचान और शो में उनके आने को लेकर टिप्पणी की। शो के प्रचार वीडियो में सलमान रीति से कहते नजर आए कि बिग बॉस में आने से पहले उन्हें कोई नहीं जानता था। सलमान ने यह भी कहा कि रीति मनोज तिवारी की बेटी होने की वजह से शो में आई हैं और इस संदर्भ में भाई-भतीजावाद शब्द का इस्तेमाल किया।



रीति के व्यवहार को लेकर भी हुई चर्चा

बिग बॉस 20 में रीति तिवारी इससे पहले घर में साथी प्रतियोगियों के साथ बहस को लेकर भी चर्चा में रही हैं। उदिति सिंह और काजी तौकीर के साथ उनके विवादों के वीडियो और शो से जुड़े क्लिप सोशल मीडिया पर चर्चा में रहे हैं। अब सलमान खान की टिप्पणी और एकम बावा के दावों के बाद रीति तिवारी से जुड़ा विवाद और बढ़ गया है। फिलहाल एकम बावा के दावों पर रीति तिवारी और रानी तिवारी का पक्ष सामने आना बाकी है।

रामायण इवेंट में मीडिया ने किया साढ़े चार घंटे इंतजार

मिस्टर बीस्ट के आने में हुई देरी; रणबीर-साई पल्लवी समेत टीम पहले से मौजूद थी

रणबीर कपूर और साई पल्लवी स्टारर ह्यरामायणह्ल के प्रचार को लेकर शनिवार को मुंबई के फिल्म सिटी स्थित प्राइम फोकस स्टूडियो में खास कार्यक्रम रखा गया था। कार्यक्रम का पहला समय दोपहर 12 बजे बताया गया था, जिसे बाद में दोपहर 1 बजे कर दिया गया। तय समय के अनुसार मीडिया कार्यक्रम स्थल पर पहुंच गया, लेकिन बातचीत शुरू होने में करीब साढ़े चार घंटे की देरी हुई।

इस दौरान रणबीर कपूर, साई पल्लवी, निमार्ता नमित मल्होत्रा और निर्देशक नितेश तिवारी समेत फिल्म की टीम मौजूद थी। देरी की वजह मिस्टर बीस्ट के कार्यक्रम में देर से पहुंचने को बताया गया।

ीडिया को भेजे गए निमंत्रण में शुरूआत में कार्यक्रम का समय दोपहर 12 बजे बताया गया था। बाद में समय बदलकर दोपहर 1 बजे कर दिया गया। साथ ही जानकारी दी गई थी कि बातचीत दोपहर 1:30 बजे से शुरू होगी।

पत्रकार और मीडिया प्रतिनिधि बदले हुए समय के अनुसार कार्यक्रम स्थल पर पहुंच गए थे। हालांकि, बातचीत तय समय पर शुरू नहीं हो सकी।



करीब साढ़े चार घंटे करना पड़ा इंतजार

कार्यक्रम स्थल पर मौजूद मीडिया को बातचीत शुरू होने के लिए लंबे समय तक इंतजार करना पड़ा। इस दौरान फिल्म की मुख्य टीम के कई सदस्य पहले से ही वहां मौजूद थे। रणबीर कपूर, साई पल्लवी, निमार्ता नमित मल्होत्रा और निर्देशक नितेश तिवारी के कार्यक्रम स्थल पर समय से पहुंचने की जानकारी थी। इसके बावजूद मीडिया से बातचीत आगे नहीं बढ़ सकी।

मिस्टर बीस्ट की वजह से हुई देरी

कार्यक्रम में मिस्टर बीस्ट की मौजूदगी को लेकर पहले से काफी उत्सुकता थी। उन्हें ह्यरामायणह्ल की टीम के साथ विशेष बातचीत में शामिल होना था। कार्यक्रम स्थल पर मौजूद मीडिया को बताया गया कि मिस्टर बीस्ट इससे पहले दो उड़ानें मिस कर चुके थे और उनके देर से पहुंचने के कारण कार्यक्रम में देरी हुई। उनके पहुंचने के बाद ही फिल्म की टीम के साथ तय बातचीत आगे बढ़ी। करीब साढ़े चार घंटे के इंतजार के बाद मीडिया के बीच कार्यक्रम के प्रबंधन को लेकर नाराजगी देखने को मिली। सवाल यह भी उठा कि जब रणबीर कपूर, साई पल्लवी, नमित मल्होत्रा और नितेश तिवारी पहले से कार्यक्रम स्थल पर मौजूद थे, तो उनके साथ बातचीत तय समय पर शुरू क्यों नहीं की गई। मीडिया के लिए आयोजित कार्यक्रम में पत्रकारों ने अपना समय निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रखा था। ऐसे में लंबे इंतजार को लेकर कई मीडिया प्रतिनिधियों में असंतोष देखने को मिला।

सुनीता के बयान पर भड़कीं गोविंदा की रूमर्ड गर्लफ्रेंड



पति गोविंदा पर धोखा देने और कोमल रानी से एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर लगा रहीं सुनीता ने हाल ही में कोलकाता के दक्षिणेश्वर काली मंदिर में कहा है कि जो औरत उनका घर तोड़ रही है, माता रानी उसे देखें। इस पर अब कोमल का बयान सामने आया है। उनका कहना है कि जो औरत पति को मारने की कोशिश कर रही है उसकी बद्दुआ किसी को नहीं लगती। साथ ही कोमल ने चेतावनी दी है कि सुनीता उनके नाम का इस्तेमाल न करें।

कोमल रानी ने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट से सुनीता के बयान पर पलटवार कर लिखा, जो औरत सालों से अपने ही पति को मारने की कोशिश कर रही हो, ऐसी औरतों की बद्दूआएं किसी को नहीं लगतीं। कोई भी व्यक्ति पहले से टूट चुके घर को नहीं तोड़ सकता। हमारे देश के लोग इतने मूर्ख नहीं हैं कि वे किसी कौए के पीछे सिर्फ इसलिए भागने लगें, क्योंकि किसी ने उनसे कह दिया कि कौआ उनका कान लेकर उड़ गया है।

आगे कोमल ने लिखा, ह्यमैं समझ नहीं पा रही हूं कि वो औरत किस तरह के दर्द से गुजर रही है, जहां उसे उस दर्द से उबरने की कोशिश करने के बजाय उसे सार्वजनिक रूप से दिखाने में मजा आ रहा है। ये दर्द है या फिर एक सोची-समझी साजिश? लगातार एक आदमी को मानसिक रूप से प्रताड़ित करना, उसे काम करने से रोकना, घर पर बैठने और अपनी जिंदगी बर्बाद करने के लिए मजबूर करना, उसे पूरी तरह अकेला कर देना और यहां तक कि उसे मौत के करीब पहुंचा देना। मुझे नहीं लगता कि कोई भी अच्छी

द वन ने पहले दिन 8 करोड़ कमाए, सिद्धार्थ की पिछली 10 फिल्मों में दूसरी सबसे बड़ी ओपनिंग




शुक्रवार को रिलीज हुई सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्म द वन ने पहले दिन भारत में 8 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया। सैकनिल्क के मुताबिक, 6,746 शोज में रिलीज हुई फिल्म की ऑक्यूपेंसी 26% रही। फिल्म का भारत में ग्रॉस कलेक्शन 9.6 करोड़ रुपए हो गया।


वहीं अपने रिलीज के 50वें दिन भी हनुमान अंश ने मिजार्पुरः द मूवी, वाइब जैसी कई फिल्मों से ज्यादा कमाई की। द वनः फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट का निर्देशन पंचायत फेम दीपक कुमार मिश्रा ने किया है। यह उनका फीचर फिल्म डायरेक्शन डेब्यू है। फिल्म भारतीय लोककथाओं पर आधारित है और इसमें सुपरनैचुरल फैंटेसी, पौराणिक कथाओं, एक्शन और थ्रिलर के एलिमेंट्स हैं। इस महीने रिलीज हुई करीना कपूर की दायरा और कुणाल खेमू की वाइब के पहले दिन के कलेक्शन की तुलना में द वन की शुरूआत बेहतर रही। वाइब ने पहले दिन लगभग ?1.50 करोड़ से ?1.70 करोड़ की कमाई की थी, जबकि दायरा का पहले दिन का कलेक्शन लगभग 90 लाख से 1 करोड़ के बीच रहा था। सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्म द वनः फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट ने बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन 8 करोड़ का नेट कलेक्शन किया। इसके साथ यह फिल्म एक्टर की पिछली 10 थिएट्रिकल रिलीज में दूसरी सबसे बड़ी ओपनिंग करने वाली फिल्म बन गई। इस लिस्ट में थैंक गॉड 8.10 करोड़ के साथ पहले स्थान पर है। परम सुंदरी ने 7.25 करोड़, मरजावां ने 7 करोड़ और बार बार देखो ने 6.80 करोड़ की ओपनिंग की थी।

फिल्म में तमन्ना भाटिया भी लीड रोल में हैं। यह सात साल बाद उनकी पहली हिंदी थिएट्रिकल फिल्म है, जिसमें वह लीड रोल में हैं। उनकी पिछली हिंदी फीचर फिल्म खामोशी थी, जिसमें प्रभु देवा भी थे। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर नहीं चली थी।

जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...



रंग भरकर चित्र बनाओ




जोक्स

टीचरः कौन सी जाति के लोग अच्छे नागरिक होते हैं ?
छात्रः बनिए !
टीचरः वो कैसे ?
छात्रः क्योंकि सर हर जगह लिखा होता है देश के अच्छे नागरिक बनिए।

मास्टर जीः सबसे ज्यादा नशा किसमें होता है?
छात्रः किताब में
मास्टर जीः कैसे?
छात्रः क्योंकि किताब खोलते ही नींद आ जाती है ??

वर्ग पहेली





बाएं से दाएं

1. परिचय, जानना-2,4
5. वायु रोग-2
7. उत्साह, जिज्ञासा
9. कांटा, शूल
10. पिता, साधू -2
11. योद्धा जाति, राजपूत-3
14. थकान-4
16. मिसाल के तौर पर-4
20. ध्वजा, पताका-3
22. सीमा, बार्डर-2
23. बुरी आदत-2
24. समस्या. मुद्दा-3
27. जोर, दम, ताकत-2
28. दिखावटीपन, आडंबर-3,3

ऊपर से नीचे

1. सीतापति, रामचंद्र-5
2. लम्हा, क्षण-2
3. धोखेबाज, दगाबाज-4
4. नलका, टोंटी-2
6. पुत्र, लड़का-3
8. कमरा, रुम-2
12. तीनों काल-3
13. पार्थिव शरीर, लाश-2
15. कजरा, अंजन-3
17. सच्चाई, सच-2
18. सेंधमार-5
19. पुचकारना, हाथ फेरना-4
20. धोखा, दगा-3
21. जरा, थोड़ा-2
25. सभी, संपूर्ण-2
26. राजेश खन्ना व मुमताज की बेहतरीन फिल्म-2

माथा पच्ची

95		50		75		20	=	90
	■		■		■		■	
65		17		20		1	=	62
	■		■		■		■	
5		20		75		10	=	35
	■		■		■		■	
40		10		10		2	=	42
=	■	=	■	=	■	=	■	=
65		23		10		15	=	75 / 37

संकेत

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (×) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णतः मेल खाता हो.

शब्दों का जाल



शब्दजाल में लारा दत्ता की 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. शब्द ऊपर से नीचे, दाएं से बाएं एवं तिरछे हो सकते हैं.

भागमभाग, जुर्म, मस्ती, अंदाज, दोस्ती, आन, इन्सान, खाकी, मुंबई से आया मेरा दोस्त, जिन्दा.

अष्टयोग

4			6	1		7
	31	7	31		28	
	2			3		4
	34	6	31		33	
6		4		2		1
5	31		32	7	38	
	3	2		5		6

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखना अनिवार्य है. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

माथा पच्ची का हल

24	x	4	+	2	-	8	=	40
+	■	x	■	x	■	+	■	+
25	-	10	+	25	+	8	=	48
-	■	+	■	-	■	+	■	-
25	+	5	+	2	x	3	=	45
-	■	+	■	-	■	-	■	-
3	x	10	-	25	x	3	=	15
=	■	=	■	=	■	=	■	=
21	-	18	+	23	-	16	=	48

अष्टयोग का हल

7	5	6	3	4	2	1
5	42	7	33	1	23	3
1	6	5	4	3	7	2
2	25	3	34	7	39	6
3	1	4	6	2	5	7
6	24	1	33	5	35	4
4	3	2	7	6	1	5

शब्दजाल का हल



सूडोकू नवताल

मध्यम

8	2			6			1	
	6		8	9			7	5
3			1					2
	3		4				6	
6		2		1		4		3
	8				5		2	
2					3			1
5	1			7	6		4	
	9			4			3	6

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकू नवताल का हल

8	6	4	2	7	9	5	3	1
7	3	9	1	8	5	2	6	4
1	5	2	4	3	6	7	9	8
4	1	3	8	6	7	9	5	2
5	8	6	9	2	4	3	1	7
2	9	7	5	1	3	8	4	6
9	4	8	7	5	1	6	2	3
3	7	5	6	4	2	1	8	9
6	2	1	3	9	8	4	7	5

अमेरिकी डील के बाद परमाणु बम बना सकता है सऊदी

खुफिया ऐजेंसियों ने संसद को रिपोर्ट भेजी, अब तक 9 देशों के पास परमाणु हथियार



अमेरिका के साथ हुई न्यूक्लियर डील के बाद सऊदी अरब परमाणु बम बना सकता है।अमेरिकी खुफिया एजेंसियों की एक रिपोर्ट में यह बात सामने आई है। अमेरिकी अखबार द वॉशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक खुफिया एजेंसियों की रिपोर्ट अमेरिकी संसद को दी गई है। हालांकि अमेरिकी अधिकारियों ने साफ किया है कि सऊदी ने अभी परमाणु बम बनाने का फैसला नहीं किया है। जुलाई में अमेरिका और सऊदी अरब के बीच परमाणु बिजली का ढांचा तैयार करने को लेकर समझौता हुआ था। अब तक दुनिया के 9 देशों के पास परमाणु हथियार हैं। इनमें अमेरिका, रूस, चीन, फ्रांस और ब्रिटेन, भारत, पाकिस्तान, उत्तर कोरिया और इजराइल शामिल है। हालांकि इजराइल ने आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि नहीं की है।

दरअसल परमाणु तकनीक से बिजली बनाने के लिए यूरेनियम को एक खास प्रक्रिया से तैयार किया जाता है। इसे यूरेनियम एनरिचमेंट कहते हैं। समझौते के तहत सऊदी अरब यूरेनियम को करीब



20% तक एनरिच कर सकेगा। यह परमाणु बम के लिए जरूरी स्तर से काफी कम है। समस्या यह है कि एक बार किसी देश के पास यूरेनियम को 20% तक एनरिच करने की क्षमता आ जाए, तो उसे हथियार बनाने लायक स्तर तक जाने में कम समय लग सकता है। इसी वजह से अमेरिकी सांसदों को डर है कि सऊदी अरब भविष्य में परमाणु हथियार बना सकता है।

क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान कर चुके हैं हथियार बनाने की बात

सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान पहले ही कह चुके हैं कि अगर ईरान परमाणु हथियार बनाता है, तो सऊदी अरब भी परमाणु हथियार बनाने की कोशिश करेगा। अमेरिकी अधिकारी भी लंबे समय से मानते रहे हैं कि सऊदी परमाणु हथियार बनाने में दिलचस्पी रखता है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि सऊदी ने बम बनाने का फैसला कर लिया है।

सांसदों का सवाल- सऊदी को अपने देश में एनरिचमेंट फैसेलिटि क्यों चाहिए?

अमेरिकी सीनेटर एड मार्की और जेफ मर्कली समेत छह डेमोक्रेट सांसदों ने इस समझौते का विरोध किया है। उनका सवाल है कि अगर सऊदी अरब का मकसद सिर्फ परमाणु बिजली बनाना है, तो वह अपने देश में यूरेनियम एनरिच करने की सुविधा क्यों चाहता है।



अमेरिका बोला- समझौता परमाणु हथियार बनाने के लिए नहीं

अमेरिकी प्रशासन का कहना है कि समझौते का मकसद सऊदी अरब में शांतिपूर्ण परमाणु ऊर्जा विकसित करना है। अमेरिका के मुताबिक, इससे क्षेत्र की सुरक्षा मजबूत होगी और परमाणु हथियारों को फैलने से रोकने के नियमों का पालन होगा। इस समझौते की शुरूआत जो बाइडेन के राष्ट्रपति रहते हुई थी। तब अमेरिका चाहता था कि परमाणु समझौते के बदले सऊदी अरब, इजराइल को औपचारिक मान्यता दे। इस प्रस्ताव के तहत अमेरिका, सऊदी अरब को सुरक्षा की गारंटी, आधुनिक हथियार और असैन्य परमाणु कार्यक्रम में सहयोग देने को तैयार था।

बदले में सऊदी अरब से उम्मीद थी कि वह इजराइल के साथ दूतावास खोलेगा, राजदूत नियुक्त करेगा और आधिकारिक संबंध शुरू करेगा। हालांकि, 7 अक्टूबर 2023 को हमास के

सीमा पार कोई सरकार इसमें शामिल तो उसे जिम्मेदार ठहराना होगा, यह पूरी दुनिया के लिए चुनौती

आतंकवाद के खिलाफ हमारी जीरो टॉलरेंस नीतिः जयशंकर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को पाकिस्तान का नाम लिए बिना कहा कि आतंकवाद के खिलाफ हमारी जीरो टॉलरेंस नीति जारी रहेगी। सीमा पार कोई सरकार इसमें शामिल तो उसे जिम्मेदार ठहराना होगा। यह पूरी दुनिया के लिए चुनौती है।

आतंकवाद के खिलाफ आत्मरक्षा के भारत के अधिकार का इस्तेमाल किया जाएगा। आतंकवाद और दोस्ती-सद्भावना साथ नहीं चल सकते। आतंकवाद फैलाने वाले को अपना रवैया बदलना होगा। जयशंकर न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के 81वें सेशन को संबोधित कर रहे थे।

संघर्ष और टकराव हमारी सबसे बड़ी चिंता

संघर्ष और टकराव हमारी सबसे बड़ी चिंता बने हुए हैं। शांति बनाए रखने में असमर्थता न केवल सुरक्षा को कमजोर कर रही है, बल्कि प्रगति के लिए खतरा पैदा कर रही है। पूरी दुनिया में इसका असर देखा जा सकता है।

इस साल हम खाड़ी क्षेत्र में एक संघर्ष देख रहे हैं, जो पहले से ही कठिन स्थिति को और



गंभीर बना रहा है। हम आपस में जारी इस लड़ाई को लेकर बेहद चिंतित हैं। अंतरराष्ट्रीय जलमार्गों से गुजरने वाले जहाजों और समुद्री यात्रियों को निशाना बनाया जाना पूरी तरह अस्वीकार्य है।

दुनिया लगातार खतरों का सामना कर रही

भारत इस स्थिति को सुधारने के लिए हरसंभव प्रयास करने को तैयार है, खासकर खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा के संबंध में। हमें यह समझना होगा कि शांति का मतलब केवल युद्ध की अनुपस्थिति नहीं है।

रूस का UNSC में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन

रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन किया। लावरोव ने कहा कि सुरक्षा परिषद में एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका का प्रतिनिधित्व बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा, हम ब्राजील और भारत की स्थायी सदस्यता की उम्मीदवारी का समर्थन करते हैं। उन्होंने सुरक्षा परिषद में पश्चिमी देशों की अतिरिक्त सीटों का विरोध किया। लावरोव ने खास तौर पर जर्मनी और जापान का नाम लेते हुए उन पर 'सैन्यवाद और बदले की भावना की ओर बढ़ने का आरोप लगाया। हालांकि, लावरोव ने कहा कि UNSC में सुधार के दौरान मौजूदा स्थायी सदस्यों के अधिकारों और शक्तियों में कमी नहीं होनी चाहिए। सुरक्षा परिषद में कुल 15 सदस्य हैं। इनमें 5 स्थायी सदस्य- चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका हैं, जिन्हें वीटो पावर हासिल है। इसके अलावा 10 गैर-स्थायी सदस्य होते हैं, जिन्हें 2 साल के कार्यकाल के लिए चुना जाता है। UN चार्टर में बदलाव के लिए महासभा में दो-तिहाई बहुमत और दो-तिहाई सदस्य देशों की औपचारिक मंजूरी जरूरी है। इसमें सभी पांच मौजूदा स्थायी सदस्यों की मंजूरी भी आवश्यक है।

जयशंकर ने एक दिन पहले पाकिस्तानी पत्रकार को फटकारा था

जयशंकर ने कहा, कल आतंकवाद के समर्थक देश से जुड़े एक व्यक्ति ने इस महासभा के सामने तथ्यों को गलत तरीके से पेश किया। आतंकवाद को सामान्य बनाने और उसके परिणामों से बचने के लिए तर्क दिए गए, लेकिन इसे स्वीकार नहीं किया जाएगा। आतंकवाद के खिलाफ आत्मरक्षा के भारत के अधिकार का इस्तेमाल किया जाएगा। आतंकवाद और दोस्ती-सद्भावना साथ नहीं चल सकते। इसलिए आतंकवाद के आधार पर बनी किसी भी समझ की समीक्षा स्वाभाविक रूप से होगी। आतंकवाद फैलाने वाले को अपना रवैया बदलना होगा। दरअसल शुक्रवार को एक पाकिस्तानी रिपोर्टर ने भारत पर पाकिस्तान में आतंकवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। इस पर जयशंकर ने कहा, एक आतंकवादी देश मुझसे यह सवाल पूछ रहा है। रिपोर्टर के सवाल का जवाब देने के बाद वे मुस्कुराए और वहां से निकल गए। भारत लंबे समय से पाकिस्तान पर सीमा पार आतंकवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाता रहा है। पाकिस्तान इन आरोपों से इनकार करता है। दोनों देशों के बीच आतंकवाद का मुद्दा लंबे समय से अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उठता रहा है। भारत ने अप्रैल 2025 के पहलगाम आतंकी हमले का भी मुद्दा अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उठाया है। इस हमले में 26 लोगों की मौत हुई थी। इसके बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था।

ब्रिटेन में भारतीय छात्रों में 20 प्रतिशत कमी की आशंका, वजह- वीजा में सख्ती

ऐसा हुआ तो ब्रिटेन को सालाना 10 हजार करोड़ का घाटा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ लंदन

अब ब्रिटेन में भी भारतीयों छात्रों की संख्या में भारी कमी आने की आशंका है। अमेरिका में ट्रम्प राज में भारतीय छात्र मुश्किलें झेल रहे थे, लेकिन अब वैसे ही हालात ब्रिटेन में भी हो रहे हैं।

सेंटर फॉर ग्लोबल हायर एजुकेशन (सीजीएचई) यूके की रिपोर्ट में चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए हैं। 2027 के मई-जून के दाखिलों (समर इनटेक) में भारतीय छात्रों की संख्या में 20% तक की कमी आ सकती है। इस साल सितंबर तक भारतीय छात्रों को लगभग 83 हजार स्टूडेंट वीजा मिले थे। अगले साल ये घटकर 63 हजार रहने की आशंका है। इसका सबसे बड़ा कारण ब्रिटेन की एंडी बर्नहैम सरकार की सख्त वीजा नीतियां हैं। दरअसल, ब्रिटेन में राष्ट्रवादी पार्टियों जैसे रिफॉर्म यूके के तेजी से उभरने के कारण वीजा में सख्ती हो रही है। रिफॉर्म यूके के एजेंडे में स्थानीयों को रोजगार देना प्रमुख है। इसलिए बर्नहैम सरकार अमेरिका की तर्ज पर वीजा जारी करने में



बैकग्राउंड चेक में सख्ती बरत रही है।

ब्रिटेन में ग्रेजुएट वर्क वीजा को दो साल से घटाकर अब डेढ़ साल कर दिया गया है। इससे स्टूडेंट्स को पढ़ाई के बाद ब्रिटेन में नौकरी और रिसर्च करने के लिए कम समय मिल पाएगा। वीजा में सख्ती के बीच एक राहत भी है। ब्रिटेन की साउथैम्पटन, लिवरपूल, यॉर्क जैसी 9 यूनिवर्सिटी ने भारत में अपने कैंपस खोलने का ऐलान किया है।

भारतीय छात्रों की कमी से क्या असर?- भारतीय छात्रों की संख्या में कमी से ब्रिटेन की इकोनॉमी को सालाना लगभग 10 हजार करोड़ रुपए का घाटा झेलना पड़ेगा। लेकिन ब्रिटेन की सरकार सियासी हितों के साधने के फेर में वीजा नियम सख्त कर रही।

छात्र अब किन देशों का रुख करेंगे?- जर्मनी, आयरलैंड और फ्रांस में भारतीय छात्र रुख करेंगे। इन देशों में स्टूडेंट वीजा की अप्रूवल रेट 90 प्रतिशत तक है। जर्मनी की सरकारी यूनिवर्सिटी में फीस माफी है।

पाकिस्तानी तालिबान ने जिम्मेदारी ली

पाकिस्तान में पुलिस चौकी के पास आत्मघाती हमला, 13 लोगों की मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में शनिवार को आत्मघाती हमला हुआ। डेरा इस्माइल खान जिले में सड़क किनारे बनी पुलिस चौकी को निशाना बनाया गया। पुलिस के मुताबिक, हमलावर विस्फोटकों से भरे वाहन में आया और चौकी के पास पहुंचकर धमाका कर दिया। धमाके में 13 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में 2 महिलाएं और एक बच्चा भी शामिल हैं। करीब 30 लोग घायल हुए हैं। इनमें कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है।

हमले के कुछ देर बाद आतंकी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान ने इसकी जिम्मेदारी ली। इस संगठन को अफगानिस्तान के तालिबान का समर्थन हासिल है। पाकिस्तान में जनवरी से अगस्त तक 990 आतंकी घटनाएं हुई हैं। इनमें 1,129 लोगों की मौत हो चुकी है।

2001 में अमेरिका के अफगानिस्तान पर हमले के बाद पाकिस्तान ने अमेरिका का साथ दिया था। इससे ळळढ नाराज हो गया, वह इसे इस्लाम के खिलाफ मानता था। टीटीपी का मानना है कि पाकिस्तान सरकार सच्चा इस्लाम नहीं मानती है, इसलिए वो उसके खिलाफ हमला करता है। 2021 में अफगान तालिबान के सत्ता में आने के बाद पाकिस्तान ने ळळढ को निशाना बनाकर अफगानिस्तान में हमले किए थे। पाकिस्तान ने गुरुवार को अफगानिस्तान में 10 ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की थी। पाकिस्तान के सूचना मंत्री अताउल्लाह तराड़ ने कहा कि ये हमले अफगानिस्तान से एक दिन पहले हुए ड्रोन हमलों के जवाब में किए गए हैं।

ग्लोबल टेररिज्म इंडेक्स में पाकिस्तान दूसरे नंबर पर

ग्लोबल टेररिज्म इंडेक्स 2025 के मुताबिक बुर्किना फासो के बाद पाकिस्तान दुनिया का दूसरा सबसे आतंक प्रभावित देश बन चुका है, जबकि 2024 में यह चौथे स्थान पर था। 2025 में ळळढ के हमलों में 90 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वहीं बलूच आर्मी के हमलों में 60 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई। इस्लामिक स्टेट-खुरासान ने अब पाकिस्तानी शहरों को भी निशाना बनाना शुरू कर दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान सबसे ज्यादा आतंक प्रभावित इलाके हैं। देश भर की कुल आतंकी घटनाओं में से 90 प्रतिशत इसी इलाके में हुईं। रिपोर्ट में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान को लगातार दूसरे साल पाकिस्तान का सबसे खतरनाक आतंकवादी संगठन बताया गया। 2024 में इस ग्रुप ने 482 हमले किए, जिसकी वजह से 558 मौतें हुई थीं,।

अमेरिका चुनाव के बाद ईरान पर हमला कर सकता है

रिजल्ट का इंतजार कर रहे ट्रम्प; उनकी रिपब्लिकन पार्टी हार सकती है

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिका ईरान पर एक बार फिर बड़ा हमला कर सकता है। वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक, राष्ट्रपति ट्रम्प नवंबर में होने वाले मिडटर्म चुनाव के नतीजों का इंतजार कर रहे हैं।

अमेरिका में हर दो साल में अमरिकी संसद में मिडटर्म चुनाव होते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रम्प चुनाव के नतीजों का इंतजार इसलिए कर रहे हैं क्योंकि उनकी रिपब्लिकन पार्टी को नुकसान होने की आशंका है। रॉयटर्स के मुताबिक ईरान के साथ जंग के चलते ट्रम्प की लोकप्रियता में गिरावट आई है। रॉयटर्स-ईप्सोस सर्वे में के मुताबिक सिर्फ 32% लोग ईरान पर अमेरिकी हमले से सहमत हैं। सीनेट में 100 सदस्य होते हैं। इस बार 35 सीटों पर चुनाव होने हैं। वहीं हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स में 435 सीटों पर चुनाव



होने हैं। अभी रिपब्लिकन पार्टी के पास सीनेट में 53 सीटें हैं। जबकि हाउस में 218 सीटें हैं।

अगर ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी ये चुनाव हार जाती है तो संसद में ट्रम्प के लिए बिल पास कराना बहुत मुश्किल हो जाएगा। वह अपनी मर्जी से किसी बिल को सीधे कानून नहीं बना पाएंगे। यही वजह है कि ट्रम्प मिडटर्म चुनाव के नतीजे का इंतजार कर रहे हैं, ताकि कांग्रेस में उनकी पार्टी के बहुमत पर असर न पड़े। ट्रम्प ने ईरान के 7 दिन में जंग रोकने के प्रस्ताव को ठुकरा दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान ने गुरुवार को जंग रोकने के लिए 7 दिन का एक प्लान पेश किया था। ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में पत्रकारों से कहा था कि ईरान ने मध्यस्थों के जरिए जंग रोकने का प्रस्ताव दिया है। उनके मुताबिक अमेरिका के मिडटर्म चुनाव से पहले समझौता हो जाए तो यह बेहतर होगा। अब्बास अराघची ने बताया था कि यह योजना जून में अमेरिका और ईरान के बीच हुए समझौते के जैसी ही थी। ट्रम्प के प्रस्ताव को ठुकराने के बाद ईरानी राष्ट्रपति मसूद पजशकियान का बयान भी सामने आया। उन्होंने कहा कि अगर अमेरिका प्रस्ताव को मानता है, तो उसी दिन दोनों देशों के बीच बातचीत की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। पजशकियान ने न्यूयॉर्क से तेहरान रवाना होने से पहले अमेरिकी न्यूज चैनल से बातचीत में कहा कि दोनों देशों के बीच अभी भरोसे की कमी है।

हमारे विमान रोके तो किसी के उड़ने नहीं देंगेः ईरान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ईरान

ईरान ने धमकी दी है कि अगर उसकी उड़ानों पर रोक लगाई गई, तो वह भी इलाके में किसी भी विमान को उड़ान भरने की इजाजत नहीं देगा। ईरानी सुप्रीम लीडर के सलाहकार मोहम्मद मुखबर ने कहा कि पश्चिम एशिया में उड़ानें या तो सभी के लिए खुली रहेंगी या फिर किसी के लिए नहीं। दरअसल, अमेरिका ने 23 सितंबर को ईरान की सभी एयरलाइंस पर रोक लगाने का ऐलान किया था। इसके बाद वअए और ओमान समेत कई देशों ने ईरान से आने-जाने वाली उड़ानों पर रोक लगा दी है।

ईरान से रोजाना औसतन 100 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें संचालित होती हैं। फिलहाल यह पता नहीं चला है कि अमेरिकी प्रतिबंधों के बाद से कितने ईरानी विमानों के उड़ान पर असर पड़ा है। अमेरिका ने विदेशी कंपनियों को भी चेतावनी दी थी कि अगर वे ईरानी विमानों को ईंधन, लैंडिंग की सुविधा या टिकट उपलब्ध कराती हैं, तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जा

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प बोले- ईरान मुश्किल में, तभी होर्मुज खोलना चाहते

हमने लोहे की दीवार जैसी नाकाबंदी की, 2 दिन पहले ईरान ने जंग खत्म करने का

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शनिवार को कहा कि वे (ईरान) तुरंत होर्मुज इसलिए खोलना चाहते हैं। क्योंकि वे मुश्किल में हैं। उनके पास पैसा नहीं आ रहा है, क्योंकि उनकी कमाई होर्मुज स्ट्रेट से ही होती है। हमने वहां सैन्य इतिहास की सबसे बड़ी नाकाबंदी कर दी। यह लोहे की दीवार जैसी है।

दरअसल दो दिन पहले ईरान ने अमेरिका के सामने जंग रोकने का 7 दिन का प्लान रखा था। ईरान का कहना है कि सबसे पहले लड़ाई बंद हो और ईरान के तेल बेचने पर लगी पाबंदियों में राहत दी जाए।

इसके बाद सातवें दिन होर्मुज स्ट्रेट खोला जाएगा और फिर ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर नई बातचीत शुरू होगी। ईरानी राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने कहा है कि अब यह अमेरिका पर निर्भर है कि वह संघर्ष खत्म करना चाहता है या नहीं। जंग रोकने का प्रस्ताव ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने मध्यस्थ देशों के जरिए अमेरिका को भेजा है।

ईरानी प्रस्ताव ऐसे समय आया है, जब अमेरिका और ईरान के बीच तनाव चरम पर है। बुधवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा में पजशकियान ने कहा था कि ईरान अमेरिकी दबाव के आगे नहीं झुकेगा। इससे एक दिन पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चेतावनी दी थी कि अगर समझौता नहीं हुआ तो अमेरिका ईरान को 'पूरी तरह तबाह' कर सकता है।

अमेरिकी सेना ने 8 सितंबर को ईरान से जुड़े 5 तेल टैंकरों पर हमला किया था। इसके कुछ घंटे बाद ईरान ने जॉर्डन में अमेरिकी सैन्य ठिकाने की ओर 20 बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। जॉर्डन की सेना के मुताबिक, उसके एयर डिफेंस सिस्टम



ने इनमें से 18 मिसाइलों को मार गिराया, जबकि 2 आबादी से दूर इलाकों में गिरीं।

अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने कहा था कि ईरान ने अमेरिकी नौसेना के एक युद्धपोत को दो बार बैलिस्टिक मिसाइलों से निशाना बनाने की कोशिश की थी। इसी के जवाब में ईरान के रेवोल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स से जुड़े तेल टैंकरों पर हमला किया। इसके बाद ईरान ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में 10 जहाजों पर हमले की बात की थी। इनमें 2 अमेरिकी जहाज और 8 तेल टैंकर शामिल थे। इसी दौरान ईरान ने एक अमेरिकी सबमरीन ड्रोन भी पकड़ा था।

28 फरवरी से चल रही है अमेरिका-ईरान की लड़ाई

अमेरिका और इजराइल ने 28 फरवरी को ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई शुरू की थी। इसके जवाब में ईरान ने इजराइल और उन खाड़ी देशों में हमले किए, जहां अमेरिकी सैन्य ठिकाने मौजूद हैं।

अमेरिका का कहना है कि उसका मकसद ईरान की परमाणु क्षमता को कमजोर करना है। वहीं ईरान लगातार कहता रहा है कि उसका परमाणु कार्यक्रम शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए है और उसे परमाणु तकनीक के इस्तेमाल का अधिकार है। ईरान के मुताबिक, इस साल मार्च में भी युद्ध का असर हिंद महासागर तक पहुंचा था। उस दौरान अमेरिकी हमले में ईरान का युद्धपोत क्कक्कर देना डूब गया था। इसमें 100 से ज्यादा सैनिक मारे गए थे।

■ वर्ष-12 अंक-324 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल

मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

सुभाषितानि

विद्या शस्त्रं च शास्त्रं च द्वे विद्ये प्रतिपत्तये।
आद्या हास्याय वृद्धत्वे द्वितीयाद्रियते सदा।।

भावार्थ : शस्त्र और विज्ञान विद्या ये दो प्राप्य विद्याएं हैं। प्रवेश पुराना है, और हमेशा के लिए सदाबहार है।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, रविवासरः 27 सितम्बर, 2026

ओडिशा सर्वाधिकं प्रभावस्य सामना कर्तुं सम्भाव्यते

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

आईएमडी-संस्थायाः अनुसारं यावत् एषा व्यवस्था पश्चिम-मध्यस्य, तत्समीपस्थस्य च वायव्य-बङ्ग-खातेः उपरि अवसादरूपेण विद्यते स्म, पश्चिम-वायव्यदिशि च निरन्तरं गच्छति स्म। यथा यथा मौसमव्यवस्था तटस्य समीपं गच्छति तथा तथा ओडिशानगरे वर्षायाः तीव्रता वर्धते इति अपेक्षा अस्ति। आईएमडी इत्यस्य उपविभागीयपूर्वसूचना दक्षिणओडिशा-देशस्य अनेकजिल्हेषु वर्षा-प्रभावः सर्वाधिकं महत्त्वपूर्णः भवितुम् अर्हति। कोरापुट, गजपति, गञ्जम् इत्यादिषु दक्षिणजिल्हेषु अत्यधिकवृष्टिः अत्यन्तं प्रचण्डवृष्टिः भवति।

मातेव रक्षति पितेव हिते नियुंक्ते कान्तेव चापि रमयत्यपनीय खेदम्।
लक्ष्मीं तनोति वितनोति च दिक्षु कीर्तिम् किं किं न साधयति कल्पलतेव विद्या।।

भावार्थ : विद्या माता के समान रक्षा करती है, पिता के समान लाभ करती है, पत्नी के समान थकान दूर करती है, मन को प्रसन्न करती है, सौन्दर्य को प्राप्त करती है और चारों दिशाओं में यश फैलाती है। वास्तव में यह विज्ञान कल्पवृक्ष के समान क्या सिद्ध नहीं करता?

सम्पादकीयम्

पर्वतीयक्षेत्रेषु अत्यधिकवृष्टिः

नेपालस्य पर्वतीयक्षेत्रेषु अत्यधिकवृष्टिः, भूस्खलनं, हिमशैलसम्बद्धाः घटनाः वा उत्तरबिहारे प्रभावं कुर्वन्ति। यद्यपि द्वयोः राष्ट्रयोः मध्ये जलप्रलयनिरीक्षणस्य, पूर्वचेतावनीयाः च तन्त्राणि विद्यन्ते तथापि स्थगितपरियोजनानि अपि उन्नतव्यानि। एतेषु महत्त्वपूर्णं सप्तकोशी उच्चजलबन्धपरियोजना अस्ति, या कोसीनद्याः कृते प्रस्तावित अस्ति। यद्यपि परियोजनायाः उद्देश्यं जलप्रलयनियन्त्रणं, सिञ्चनं, विद्युत् उत्पादनं च अस्ति तथापि सा दीर्घकालं यावत् स्थगितम् अस्ति। पर्यावरणक्षतिः- द्वितीयः विषयः पर्यावरणस्य विषये वर्तते। तिब्बतीप्रदेशे हिमविस्फोटेन भूस्खलनेन वा अस्य विनाशः अभवत् इति अनुमानं भवति। हिमालयप्रदेशे एतादृशाः घटनाः अधिकाधिकं भवन्ति। अस्य प्राथमिककारणं जलवायुपरिवर्तनस्य कारणेन अस्य प्रदेशस्य तापमानस्य वर्धनं भवति। नेपालदेशस्य एकेन शोधसमूहेन अस्मिन् वर्षे पूर्वं ज्ञापितं यत् हिन्दुकुश-हिमालयन-श्रेण्यां हिमशैलाः २००० तमे वर्षात् द्विगुणवेगेन द्रवन्ति। चिन्ताजनकः विषयः अस्ति यत्, एतदपि एतेषु संवेदनशीलक्षेत्रेषु मानवक्रियाकलापाः निरन्तरं भवन्ति, येन पर्यावरणस्य क्षतिः अधिका भवति सहकार्यं वर्धयतु : हिमालयात् उत्पन्नानां नद्यः जलस्य उपरि प्रायः द्वौ अरबौ जनाः आश्रिताः सन्ति। एषा घटना प्रकृतेः चेतावनीरूपेण अपि कार्यं करोति। उभयोः राष्ट्रयोः जलप्रबन्धनविषये चर्चाः शीघ्रं प्रवर्तयितुं आवश्यकता वर्तते। स्थगितपरियोजनानां प्राधान्यं दातव्यं, राजनैतिकमतभेदं त्यक्त्वा सहकार्यं सुदृढं कर्तव्यम्।

गृहीतस्य सवैधानिकप्रक्रियायाः विषये महत्त्वपूर्णं निर्णयं दत्त्वा सर्वोच्चन्यायालयेन निर्णयः

गिरफ्तारीयाः लिखितानि आधाराणि न प्रदत्तानि तर्हि पुलिस-अधिकारिणः विरुद्धं विभागीय-जाँचः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली



गृहीतस्य संवैधानिकप्रक्रियायाः विषये महत्त्वपूर्णं निर्णयं दत्त्वा सर्वोच्चन्यायालयेन निर्णयः कृतः यत् गृहीतस्य व्यक्तिस्य गृहीतस्य आधारं लिखितरूपेण, तेषां अवगमनभाषायां च प्रदातव्यम् इति अनिवार्यम्। यदि कश्चन व्यक्तिः एतस्य संवैधानिकरक्षणस्य उल्लङ्घनेन गृहीतः भवति, तदनन्तरं मुक्तः भवति तर्हि पुनः गृहीतस्य प्रक्रिया पूर्ववत् एव तिष्ठितुं न शक्नोति एतादृशे सति अन्वेषणं भिन्नाधिकारिणे समर्पयितव्यं, ये पुलिसाधिकारिणः गिरफ्तारीयाः आधारं न दत्तवन्तः तेषां विरुद्धं विभागीयकार्यवाही आरब्धा भवितुमर्हति न्यायमूर्ति उज्जल भुयान एवं न्यायमूर्ति अतुल एस चन्दूरकर सहित एक पीठ जस्करन जीत सिंह देओल बनाम पंजाब राज्य (आपराधिक अपील संख्या 4234/2026) के मामले में यह फैसला दिया। सर्वोच्चन्यायालयस्य एषः निर्णयः २०२६ तमस्य वर्षस्य सितम्ब-मासस्य २१ दिनाङ्कस्य अस्ति।

निरोधस्य आधारस्य सूचना मौलिकः अधिकारः अस्ति सर्वोच्चन्यायालयेन उक्तं यत् संविधानस्य अनुच्छेदस्य २२(१) अन्तर्गतं गृहीतस्य कृते गृहीतस्य आधारस्य सूचनां दातुं आवश्यकता केवलं औपचारिकप्रक्रिया एव नास्ति। न्यायालयेन उक्तं यत् गृहीतस्य व्यक्तिस्य गृहीतस्य आधाराणि अवश्यं ज्ञातव्यानि येन सः स्ववकीलस्य परामर्शं कर्तुं, रिमाण्डस्य विरोधं कर्तुं, कानूनानुसारं उपलब्धानां कानूनी उपायानां अनुसरणं कर्तुं च शक्नोति। पीठिका स्पष्टीकृतवती यत् गृहीतस्य आधाराः लिखितरूपेण भवितुमर्हन्ति, तस्य प्रतिलिपिः गृहीतस्य व्यक्तिं प्रति प्रदातव्या इति। एषः रक्षणः अपराधस्य स्वरूपे आरोपस्य गम्भीरता वा न आश्रितः भवति।

लिखित आधार न प्रदतं चेत् असंवैधानिकं गृहीतव्यम् सर्वोच्चन्यायालयेन स्वस्य निर्णये उक्तं यत् अनुच्छेद 22(1) इत्यस्य अन्तर्गतं संवैधानिकप्रतिश्रुतिस्य उल्लङ्घनेन गिरफ्तारी तदनन्तरं रिमाण्ड्-प्रक्रिया च दोषः भवति। आरोपपत्रस्य दाखिलीकरणं वा न्यायालयः पश्चात्पदे विषयस्य संज्ञानं गृहीत्वा प्रारम्भिक-अवैध-अवरोधस्य स्वयमेव प्रमाणीकरणं न करोति।

न्यायालयेन एतदपि स्पष्टीकृतं यत् एषः सिद्धान्तः केवलं कस्यापि विशिष्टस्य कानूनस्य अन्तर्गतं गृहीतानाम् व्यक्तिनां कृते एव सीमितः नास्ति; इदं संवैधानिकं रक्षणं सामान्य-आपराधिक-कानून-विशेष-विधानयोः च सम्बद्धेषु प्रकरणेषु प्रवर्तते। पुनर्ग्रहणार्थं प्रक्रिया स्थापिता सर्वोच्चन्यायालयस्य समक्षं एकः निर्णायकः प्रश्नः आसीत् यत् किं अन्वेषणसंस्था कस्यचित् व्यक्तिस्य पुनः गृहीतुं शक्नोति यः गिरफ्तारीकारणानां संचारं न कृत्वा मुक्तः अभवत्। पीठिका अवदत् यत्, एतादृशे परिस्थितौ पुनः गृहीतुं शक्तिः तस्यैव अधिकारीणां विवेके त्यक्तुं न शक्यते यः प्रारम्भिकग्रहणकाले संवैधानिकप्रावधानस्य अनुपालनं न कृतवान्।

यदि अन्वेषणसंस्था अभियुक्तस्य अभिरक्षणं अग्रे अन्वेषणार्थं आवश्यकं मन्यते तर्हि तत् सम्बन्धितदण्डाधिकारिणं प्रति अवश्यमेव प्रवर्तनीयम्। अतः पूर्वं अभियुक्तस्य गृहीतस्य लिखितानि आधाराणि अवश्यं प्रदातव्यानि। आवेदनपत्रे प्रारम्भिकनिग्रहसमये आधाराः किमर्थं न प्रदत्ताः इति अपि व्याख्यातव्यं तथा च वर्तमानकाले अभिरक्षणस्य आवश्यकतां न्याय्यं कर्तव्यम्। पुनर्निरोधः केवलं दण्डाधिकारिणः अनुमतिं प्राप्य सर्वोच्चन्यायालयेन निर्णयः कृतः यत् पुनः गृहीतस्य निर्णयः न्यायिकप्रक्रियायाः माध्यमेन एव करणीयः इति।

डिजिटलनिवेशं वित्तीयसेवा

करोड़ सौदान् अनुसृत्य कम्पनी शेयर स्पॉटलाइट ठक्करेण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

अक्टोबर २०२० तमे वर्षे स्टॉक एक्स्चेन्ज इत्यत्र सूचीबद्धा अभवत् अद्यत्वे तस्याः व्यवसायः पारम्परिक स्टॉक ब्रोकिंग इत्यस्मात् परं डिजिटलनिवेशं वित्तीयसेवा च समाविष्टं भवति दिनेश ठक्करः कम्पनीयाः अध्यक्षः प्रबन्धनिदेशकः च इति कार्यं निरन्तरं कुर्वन् अस्ति। एन्जेल् वन इत्यस्य जालपुटे सः कम्पनीयाः प्रमुखनिर्णयदातृषु सूचीकृतः अस्ति। 711 करोड़ सौदान् अनुसृत्य कम्पनी शेयर स्पॉटलाइट ठक्करेण सह 711 कोटिरूप्यकाणां सौदानां घोषणायाः अनन्तरं एम्बेसी डेवलपमेण्ट्स् इत्यस्य शेयर्स्मध्ये उछालः अभवत्। मंगलवासरे व्यापारसत्रे कम्पनीयाः शेर्यप्रायः ८ प्रतिशतं वर्धितः। एषः सौदाः तस्मिन् समये अभवत् यदा मुम्बई-नगरस्य प्रीमियम-अति-विलासिता-आवासीय-बाजारे उच्च-स्तरीय-सम्पत्त्याः माङ्गं परितः महत्त्वपूर्णं गूञ्जनं वर्तते जुहू इत्यादिषु क्षेत्रेषु बृहत्, समुद्रमुखी निजीसम्पत्त्याः मूल्यानि पूर्वमेव देशस्य आवासीयविपण्येषु सर्वोच्चस्थानेषु सन्ति। ६३,००० वर्गफीट् पारं समुद्रस्य नगरस्य च दृश्यानि दूतावासः टेराजा इत्यस्य वर्णनं न्यूनघनत्वयुक्ता, अतिविलासिता आवासीयपरियोजना इति कृतम् अस्ति, यत्र एकः डिजाइनः दृश्यते यत्र प्रत्येकं तलम् एकं आवासीय-एककं भवति परियोजनायां समुद्रस्य नगरस्य च विस्तृतदृश्यानि प्राप्यन्ते, आन्तरिकहरिद्राणि समाविष्टानि, जीवनशैल्याः, कल्याणसुविधाः च समाविष्टाः सन्ति।

राशिफल

मेष : कामकाज में कुछ नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। सही तरीके से योजना बनाकर चलेंगे तो स्थिति संभल जाएगी।

वृषभ : रुका हुआ काम आगे बढ़ सकता है। नौकरी में मेहनत का असर दिखाई देगा और किसी महत्वपूर्ण काम की जिम्मेदारी मिल सकती है।

मिथुन : बातचीत के जरिए कई काम आसान हो सकते हैं। नौकरी में सहयोग मिलेगा और काम को पूरा करने का रास्ता निकलेगा।

कर्क : कामकाज में व्यस्तता बढ़ सकती है। नौकरी में एक साथ कई जिम्मेदारियां मिलने से दबाव महसूस होगा।

सिंह : काम के मामले में आत्मविश्वास बढ़ेगा। नौकरी में अपनी बात रखने का मौका मिलेगा और जिम्मेदारी की कमान संभाल सकते हैं।

कन्या : काम में छोटी-छोटी बातों पर ध्यान देना जरूरी होगा। नौकरी में जरूरी जानकारी की दोबारा जांच कर लें।

तुला : सहयोग मिलने से काम आसान होगा। नौकरी में टीम के साथ मिलकर किया गया काम अच्छा परिणाम दे सकता है।

वृश्चिक : काम को लेकर थोड़ा दबाव बना रह सकता है। नौकरी में पुराने काम की जिम्मेदारी फिर से सामने आ सकती है।

धनु : नई योजना पर काम शुरू करने का मौका मिल सकता है। नौकरी में नई जिम्मेदारी मिलने की संभावना है।

मकर : कामकाज में अनुशासन बनाए रखना जरूरी होगा। नौकरी में समय पर काम पूरा करने का दबाव रहेगा।

कुंभ : आर्थिक मामलों में राहत मिल सकती है। नौकरी में पुराने काम का अच्छा परिणाम सामने आ सकता है।

मीन : काम की शुरूआत थोड़ी धीमी हो सकती है, लेकिन स्थिति बेहतर होगी। सहकर्मी की मदद से कोई जरूरी काम पूरा हो सकता है।

ज्योतिष/वास्तु

अक्टूबर माह में बनेगा त्रिग्रही योग, कर्क और तुला समेत इन राशियों के करियर-कारोबार में अच्छा बदलाव

अक्टूबर का महीना ग्रहों के गोचर के हिसाब से बहुत ही खास रहेगा। 4 अक्टूबर को कर्क राशि में चंद्रमा, गुरु और मंगल की युति बनेगी। जिससे कुछ राशि वालों पर शुभ प्रभाव देखने को मिलेगा।

वैदिक ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, सभी 9 ग्रह एक निश्चित अंतराल पर राशि परिवर्तन करते हैं, जिसके चलते दूसरे ग्रहों संग युति होती है और कई तरह के राजयोगों का निर्माण होता है। जब किसी एक राशि में तीन ग्रहों की युति होती है तब त्रिग्रही योग का निर्माण होता है। ज्योतिष में त्रिग्रही योग को बहुत ही शुभ और मंगलकारी योग माना जाता है। आपको बता दें 4 अक्टूबर 2026 को चंद्रमा के कर्क राशि में प्रवेश करते ही त्रिग्रही योग का निर्णाण होगा। दरअसल कर्क राशि में पहले से गुरु और मंगल विराजमान हैं, इस कारण से कर्क राशि में त्रिग्रही योग का निर्माण होगा। यह त्रिग्रही योग 6 अक्टूबर तक बना रहेगा। ऐसे में आइए जानते हैं इससे किन-किन राशि वालों को सबसे ज्यादा फायदा होगा।

कर्क राशि पर त्रिग्रही योग का फायदा- 4 अक्टूबर 2026 को कर्क राशि में बनने वाला त्रिग्रही योग आपके लिए बहुत ही शुभ और मंगलकारी रहेगा। इस दौरान आपकी आर्थिक स्थिति में बेहतर सुधार देखने को मिलेगा। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। भाग्य का भरपूर साथ मिलेगा जिससे आपको अपने थोड़े से ही प्रयासों में बड़ी सफलता को हासिल करने में कामयाब होंगे। नौकरीपेशा जातकों को जबरदस्त सफलता हासिल होगी। समाज



में आपके द्वारा किए गए कार्यों की जमकर सराहना होगी।

तुला राशि पर त्रिग्रही योग का असर- आने वाले समय में तुला राशि वालों के लिए त्रिग्रही योग का शुभ प्रभाव रहेगा। इस दौरान आपके अटके हुए कार्य जल्द से जल्द पूरे होंगे। कार्यक्षेत्र में आपको जबरदस्त सफलता हासिल होगी। बिजनेस में आपको खूब धन कमाने का अवसर मिलेगा। जो लोग किसी तरह के व्यापार आदि में है उनको अच्छा मुनाफा हासिल होगा। नए-नए प्रोजेक्ट हाथ लग सकते हैं। अचानक से धन में वृद्धि को योग हैं।

वृश्चिक राशि पर त्रिग्रही योग का प्रभाव- वृश्चिक राशि वालों के लिए त्रिग्रही योग बहुत ही शुभ और अच्छा रहेगा। इस दौरान आपकी आर्थिक स्थितियां पहले के मुकाबले बहुत ही बेहतर रहेगी। आपकी कार्यस्थल पर जमकर प्रशंसा होगी। जो लोग किसी तरह के व्यापार में उनको लाभ अर्जित करने के कई तरह के मौके मिलेंगे। इस दौरान आपका रुका हुआ धन वापस मिल सकता है। निवेश से आपको अच्छा लाभ आपके बैंक खाते में आएगा।

मीन राशि पर त्रिग्रही योग का प्रभाव-मीन राशि वालों के लिए त्रिग्रही योग बहुत ही लाभकारी और शुभ साबित होगा। जो लोग इस दौरान नौकरी में बदलाव लाना चाह रहे हैं उनको सफलता मिल सकती है। इस त्रिग्रही योग के बनने पर संतान पक्ष की तरफ से खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में आपको कोई बड़ी उपलब्धि हासिल हो सकती है।

ट्रॉफी के लिए सबकुछ दांव पर लगा दूंगा

2027 में आखिरी वर्ल्ड कप खेलूंगा: कोहली

वनडे में सबसे ज्यादा 54 शतक लगाने वाले बल्लेबाज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

विराट कोहली ने कहा कि 2027 का वर्ल्ड कप भारत के लिए उनका आखिरी वर्ल्ड कप होगा। उन्होंने कहा कि वे ट्रॉफी जीतने के लिए अपना सबकुछ दांव पर लगाने को तैयार हैं। कोहली ने कहा, मैं मैदान पर अपना 100% देना चाहता हूं। लक्ष्य बिल्कुल साफ है- वर्ल्ड कप जीतना। 37 साल के कोहली सिर्फ वनडे क्रिकेट खेल रहे हैं। उन्होंने 2024 में टी-20 इंटरनेशनल और 2025 में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया था।

विराट कोहली अब तक 4 वनडे वर्ल्ड कप (2011, 2015, 2019 और 2023) खेल चुके हैं। उनके नाम वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा 54 शतक भी हैं। 2027 का वनडे वर्ल्ड कप साउथ अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया की मेजबानी में खेला जाएगा।

50 ओवर का मैच, ढाई टी-20 जितनी क्रिकेट- कोहली ने 50 ओवर के वर्ल्ड कप की शारीरिक और मानसिक चुनौती भी बताई। उनके मुताबिक एक वनडे में खिलाड़ी को करीब ढाई टी-20 मैच जितनी क्रिकेट खेलनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि 2027 वर्ल्ड कप विदेशी परिस्थितियों में होगा। अलग-अलग मैदानों और विरोधी टीमों के खिलाफ लगातार मैच खेलने से चुनौती और बढ़ेगी। ऐसे में उनकी नजर पूरे टूर्नामेंट में अपने स्तर को बनाए रखने और टीम को खिताब तक पहुंचाने पर होगी।



2011 में धोनी की कप्तानी में वर्ल्ड कप जीते- कोहली का यह पांचवां वनडे वर्ल्ड कप होगा। 2011 में भारतीय टीम ने धोनी की कप्तानी 28 साल बाद खिताब जीता था और कोहली उस टीम का हिस्सा थे। 2023 में भारत फाइनल तक पहुंचा, लेकिन अहमदाबाद में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार गया। वर्ल्ड कप में कोहली का रिकॉर्ड भी उनके लंबे सफर को दिखाता है। उन्होंने 37 मैचों में 1,795 रन बनाए हैं। औसत 59.83 का है। उनके नाम 5 शतक और 12 अर्धशतक हैं। कोहली ने कुलदीप यादव, रवींद्र जडेजा और नमन धीर की स्पिन का सामना किया। बाद में वे तेज गेंदबाजों के नेट में भी गए।

रोहित ने ग्रीनफील्ड स्टेडियम में करीब 30 मिनट बल्लेबाजी की। उन्होंने तेज गेंदबाजों के खिलाफ डिफेंस पर भरोसा रखा और कुछ शानदार कट शॉट भी लगाए। भारत का 2027 वर्ल्ड कप मिशन वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज से आगे बढ़ेगा।

रोहित बोले- अभी बहुत कुछ बाकी है

रोहित ने कहा कि अभी बहुत कुछ बाकी है। जब तक वे खेल रहे हैं, उन्हें आगे देखने के लिए कुछ न कुछ मिलता रहेगा। उन्होंने कहा कि उनके मन में कभी यह विचार नहीं आएगा कि उनका काम पूरा हो गया है। रोहित भी टेस्ट और टी-20 इंटरनेशनल से संन्यास ले चुके हैं और अब सिर्फ वनडे खेल रहे हैं।

दोनों की वापसी से केरल में दिखा 'रो-को' क्रेज

वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज से पहले शुक्रवार को तिरुवनंतपुरम में भारतीय टीम ने अभ्यास किया। कोहली और रोहित दोनों नेट्स में उतरे। उन्हें देखने के लिए स्टेडियम में दर्शकों की भीड़ पहुंच गई।

एशियन गेम्स- भारतीय मेंस हॉकी टीम सेमीफाइनल में पहुंची



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

एशियन गेम्स 2026 के मेंस हॉकी इवेंट में डिफेंडिंग चैंपियन भारत ने मेजबान जापान को 2-0 से हराकर लगातार चौथी जीत दर्ज की। इस जीत के साथ भारतीय टीम पूल-अ से सेमीफाइनल में पहुंच गई। भारत के लिए अभिषेक ने 15वें मिनट में गोल किया जबकि कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने 40वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला।

हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने अब तक चारों मैच जीते हैं। टीम ने इन चार मुकाबलों में कुल 39 गोल किए और 4 गोल खाए। जापान के खिलाफ जीत के साथ भारत ने पूल-अ में अपना अभियान मजबूत किया और सेमीफाइनल में जगह पक्की की। भारत ने एशियन गेम्स में अपने अभियान की शुरूआत इंडोनेशिया के खिलाफ की थी। भारतीय टीम ने उस मुकाबले में 13-1 से जीत दर्ज की। इसके बाद श्रीलंका के खिलाफ भारत ने 16-1 की एकतरफा जीत हासिल की। तीसरे मैच में साउथ कोरिया के खिलाफ 8-2 की जीत के साथ भारत ने ग्रुप स्टेज में लगातार तीसरी जीत दर्ज की है।

चेस ओलिंपियाड-भारत ने जर्मनी को 2.5-1.5 से हराया



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

46वें एफआईडीई चेस ओलिंपियाड के 9वें राउंड में भारतीय मेंस टीम ने जर्मनी को 2.5-1.5 से हराया। भारत के लिए डी. गुकेश ने अलेक्जेंडर डोनचेंको को हराकर महत्वपूर्ण जीत दिलाई। इस रिजल्ट के बाद भारत 15 मैच-पॉइंट्स के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गया। मेजबान उज्बेकिस्तान 16 पॉइंट्स के साथ पहले स्थान पर है। जर्मनी के खिलाफ मुकाबले में एक समय भारतीय टीम मुश्किल स्थिति में थी। निहाल सरीन की बाजी ड्रॉ हो चुकी थी, जबकि आर. प्रज्ञानानंद और अर्जुन एरिगैसी की बाजियां भी बराबरी पर थीं। गुकेश की स्थिति खराब थी। इसके बावजूद गुकेश ने खेल जारी रखा और डोनचेंको की गलती का फायदा उठाया। उन्होंने शानदार चाल चलते हुए बाजी की दिशा पलट दी और कुछ ही चालों में जीत दर्ज कर ली। इस जीत के साथ भारत ने मैच 2.5-1.5 से अपने नाम किया।

उज्बेकिस्तान ने अमेरिका को हराया- मेजबान उज्बेकिस्तान ने 9वें राउंड में अमेरिका को हराया। नोदिरबेक याकुबोव ने हंस नीमन के खिलाफ जीत दर्ज की। उज्बेकिस्तान 16 मैच-पॉइंट्स के साथ टॉप पर है। भारत के अलावा उज्बेकिस्तान की दूसरी टीम और आर्मेनिया के भी 15-15 पॉइंट्स हैं।

विमेंस टीम ने उज्बेकिस्तान को 3-1 से हराया- भारतीय विमेंस टीम ने 9वें राउंड में उज्बेकिस्तान को 3-1 से हराया। इस जीत के बाद भारत के 15 मैच-पॉइंट्स हो गए। चीन 17 पॉइंट्स के साथ पहले स्थान पर है। दिव्या देशमुख और वंतिका अग्रवाल ने भारत के लिए जीत दर्ज की। बी. सविता श्री की लगातार 7 जीत का सिलसिला ड्रॉ के साथ रुक गया। उन्होंने गुइल्डोना करीमोवा के खिलाफ बाजी बराबर की। कोनेरू हंपी की बाजी भी ड्रॉ रही।

अगले राउंड में चीन से खेलेगी विमेंस टीम- भारतीय मेंस टीम का अगला मुकाबला उज्बेकिस्तान की दूसरी टीम से होगा। विमेंस टीम चीन के खिलाफ खेलेगी। टूर्नामेंट में अब दो राउंड बाकी हैं।

खबर एक नजर...

हत्यार के आरोपियों का पता बताने वालों को मिलेगा इनाम

उज्जैन। एक माह पहले लक्की दरबार ढाबे पर हुये राहुल दरबार और जितेन्द्र पंवार की हत्या 10 से 12 लोगों द्वारा कर दी गई थी। थाना चिमनगंज पुलिस द्वारा मामले में धारा 190, 191(2), 191(3), 103 बीएनएस का प्रकरण दर्ज किया था और कुछ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। लेकिन सात आरोपी अभिषेक पिता पर्वत सिंह, विशाल पिता देवनारायण पंवासा, विशाल सांडिया पिता विनोद नानाखेड़ा, बिट्टू उर्फ प्रियांशु पिता सालीगराम तिवारी, शिवेन्द्र पिता बंशीलाल बजरंग कॉलोनी, पंवासा, सोनू पिता मोतीलाल शंकरपुर, मक्सी रोड, उज्जैन और राकेश पिता बद्रीलाल निवासी विश्वकर्मा कॉलोनी पंवासा घटना दिनांक के बाद से फरार चल रहे है। जिनकी गिरफ्तारी नहीं होने पर पुलिस द्वारा सभी के खिलाफ 10-10 हजार का इनाम घोषित किया है। फरार आरोपियों का पता बताने वालों को इनाम दिया जायेगा और नाम एवं पहचान पूर्णतः गोपनीय रखा जायेगा।

हाट बाजार में तलवार लेकर घूम रहा था बदमाश

उज्जैन। दिनदहाड़े सामुदायिक हाट बाजार में बदमाश तलवार लेकर घूम रहा था। बदमाश को दहशतगर्दी फैलाते कुछ लोगों ने देखा तो नीलगंगा थाना पुलिस को सूचना दी। प्रधान आरक्षक अनिस खान टीम के साथ हाट बाजार पहुंचा और घेराबंदी कर बदमाश को हिरासत में लेकर उसके पास से तलवार बरामद की। पूछताछ में बदमाश का नाम प्रेम पिता संतोष रायकवार निवासी हनुमान नाका अंबर कालोनी सामने आया। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज किया और न्यायालय में पेश किया गया। जहां से जेल भेजा गया है।

तालाब में डूबने वाले के साथ थी लिव इन पार्टनर

उज्जैन। पंचक्रोशी मार्ग उंडासा तालाब में शुक्रवार को गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान बापूनगर में रहने वाला गोलू उर्फ सागर डूब गया था। होमगार्ड की एसडीआरएफ टीम ने कुछ घंटे की सर्चिंग के बाद उसका शव बाहर निकाला था। जिसके बाद सामने आया कि युवक लिव इन पार्टनर दीपमाला के साथ आया था। उसका एक दोस्त भी साथ था जो चला गया था, गोलू नहाने का बोलकर तालाब में उतरा था। उसकी पार्टनर मोबाइल से वीडियो बना रही थी। पुलिस ने मर्ग कायम करने के बाद शनिवार को पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान रिश्तेदारों ने बताया कि गोलू उर्फ सागर के माता-पिता का निधन हो चुका है। उसकी 2 बहनें है, गोलू अलग रहता था और मजदूरी करता था। परिवार पंवासा क्षेत्र का रहने वाला है। मृतक के साथ लिव इन पार्टनर के होने पर रिश्तेदारों ने अनभिज्ञता जताई। एएसआई शिवशंकर सकवार ने बताया कि फिलहाल पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है। जांच के दौरान सभी के बयान दर्ज किये जायेगें।

रेलवे फाटक पर बाइक सवार को टैंकर ने मारी टक्कर

उज्जैन। रतलाम के बिलपांक स्थित ग्राम रत्तागढ़ का रहने वाला सतपाल पिता मंगलसिंह सिसौदिया बाइक से बड़नगर आ रहा था। भाटपचलाना थाना क्षेत्र के सुंदराबाद रेलवे फाटक पर पीछे से आये टैंकर ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में सतपाल घायल हो गया। भाटपचलाना थाना पुलिस ने घायल के चचेरे भाई दरबार पंवार की शिकायत पर टैंकर चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। दुर्घटना का दूसरा मामला नीलगंगा थाना क्षेत्र के सिंधी कालोनी में हुआ। चेतन पिता रमेशचंद्र प्रजापत निवासी नागेश्वर नगर को महिन्द्रा थार ने टक्कर मार कर घायल कर दिया। पुलिस ने महेन्द्र थार का नम्बर सामने आने पर चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया।

पेट्रोल पंपकर्मी से मारपीट कर जान से मारने की धमकी

उज्जैन। बड़नगर मार्ग धरम बड़ला में वर्धमान पेट्रोल पंप पर दोपहर में आटो चालक अपने साथियों के साथ पहुंचा था उसने पंप कर्मचारी जितेन्द्र पिता अनुपचंद्र गारी से पहले उनकी आटो में सीएनजी गैस भरने के लिये कहा। पंपकर्मी ने पहले आये वाहन में गैस भरने की बात कहीं तो आटो चालक और उसके साथियों ने जितेन्द्र के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी और भाग निकले। चिंतामण गणेश थाना पुलिस ने पंप कर्मचारी की शिकायत पर आटो चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पेट्रोल पंप पर लगे कैमरों की मदद से आटो का नम्बर ट्रेस किया गया है। जिसके आधार पर चालक और उसके साथियों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है।

रोटी मांगने पर काका को लात-घूंसों से पीटा

उज्जैन। झारड़ा थाना क्षेत्र की नई आबादी में रहने वाला मुकेश पिता मदनलाल 40 साल संयुक्त परिवार में रहता है। मुकेश दोपहर में खाना खाने घर आया था। उसने भतीजे लखन से रोटी देने के लिये कहा। भतीजे ने काका के साथ गाली-गलौच शुरू कर दी। दोनों के बीच कहासुनी बढ़ने पर भतीजे ने लात घूंसों से काका से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने भतीजे के खिलाफ मारपीट का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया है।

भगाने का प्रयास करते पर पुलिस ने चलाई गोली

दोहरे हत्याकांड के 2 आरोपियों का शॉर्ट एनकाउंटर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन





गोरकर परिवार के सगे भाइयों की हत्या में शामिल दो बदमाशों की सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची तो दोनों ने भागने का प्रयास किया। पुलिस ने पकड़ने की कोशिश की तो बदमाशों ने पत्थरों से हमला किया। जवाबी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने गोली चलाई। दोनों बदमाश पैर में लगी गोली के बाद गिर पड़े। आधी रात को पुलिस उपचार के लिए उन्हें अस्पताल लेकर पहुंची।

नीलगंगा टीआई तरुण कुरील ने बताया कि ढाई माह पहले नीलगंगा चौराहा पर रहने वाले लोकेश गोरकर और उसके भाई जय गोरकर पर पासी समुदाय के बीच से अधिक बदमाशों ने हमला कर दिया था। ताबातोड़ गोलियां चलाई गई थी। बीचबचाव में दोनों भाइयों के चाचा दिलीप गोरकर और उनका पुत्र तपन गोरकर आया था। बदमाशों ने उन पर चाकू और तलवार से हमला कर दिया था। गोली लगने से लोकेश और जय की मौत हो गई थी। मामले में कुछ नामजद और अन्यो के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की गई थी। 14 आरोपियों को पकड़ा जा चुका था। फरार आरोपियों की तलाश जारी थी। देर रात सूचना मिलेगी हत्या में शामिल दो आरोपी ग्राम करोहन में परिचित के यहां आए हुए हैं पुलिस की टीम उनकी गिरफ्तारी के लिए पहुंची। दबिश के बाद सोनू पिता विजय बहादुर पासी और विजय सूर्यवंशी उर्फ छोटू गोल्डन को हिरासत में लिया गया लेकिन दोनों ने पुलिस अभिरक्षा से भागने का प्रयास किया उन्हें पकड़ने के लिए पुलिस ने पीछा किया लेकिन दोनों बदमाशों ने पत्थरों से हमला शुरू कर दिया। पुलिस द्वारा जवाबी कार्रवाई करते हुए गोली चलाई गई दोनों बदमाश पैर में गोली लगते ही गिर पड़े जिन्हें पुलिस में कस्टडी में दिया और उपचार के लिए चरक अस्पताल लेकर पहुंची। जहां दोनों का उपचार कराया गया है।

पूर्व में लगी थी एक आरोपी को गोली

ढाई माह पहले हुई दो भाइयों की हत्या के दूसरे दिन ही पुलिस ने नरेश पासी नामक बदमाश को चिंतामण जाने वाले मार्ग पर लालपुल के नीचे घेर लिया था बदमाश ने पुलिस पर गोली चलाने का प्रयास किया था उसे वक्त भी पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए बदमाश नरेश को शॉर्ट एनकाउंटर के बाद गिरफ्तार कर लिया था। उससे पूछताछ के बाद कुछ और आरोपियों की गिरफ्तारी की गई थी जिसमें से तीन बदमाशों ने मंछामन मल्टी से कूदने की कोशिश कर भागने का प्रयास किया था पुलिस में उन्हें भी दबोच लिया था। अब तक पुलिस हत्या के मामले में 2 से 3 नाबालिग, एक महिला सहित 15 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। अभी तीन से चार आरोपी फरार चल रहा है। जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास लगातार जारी है।

यातायात पुलिस ने काटा 3 हजार का चालान

करतब दिखाना कार सवार युवकों को पड़ा भारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



चलती कार में कुछ युवकों को करतब (स्टंट) दिखाना भारी पड़ा गया। वीडियों पुलिस के पास पहुंचा तो नम्बर के आधार पर युवकों को ट्रेस किया गया। चालक के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट की धारा में चालानी कार्रवाई की गई।

शहर में बीच सड़क पर तेजगति से दौड़ती कार और उसकी छत पर बैठा स्टंट करता युवक अपने साथ दूसरे वाहन चालकों की जान जोखिम में डाल कर यातायात नियमों का उल्लंघन कर रहा था। कार सवारों की करतबबाजी का कुछ लोगों ने मोबाइल से वीडियों बनाया और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचा दिया। अधिकारियों ने वीडियों पर संज्ञान लिया और यातायात पुलिस को कार्रवाई के लिये निर्देशित किया गया। यातायात पुलिस ने वीडियो का अवलोकन किया और कार नम्बर एमपी 13 एके 5666 को ट्रेस करने के बाद चालक साहिल कृष्णानी तक पहुंच गई। कार को जप्त किया गया और चालक के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट की कार्रवाई करते हुये 3 हजार का चालान काटा। चालक को हिदासत दी गई कि आगे से इस तरह चलती कार में बीच सड़क पर स्टंटबाजी की गई तो सख्त कार्रवाई की जायेगी। चालक ने माफी मांगी और आगे से इस तरह करतब नहीं करने की बात कहीं। उज्जैन पुलिस द्वारा आमजन से अपील की गई कि सड़क पर किसी भी प्रकार का स्टंट न करें, तेजगति और लापरवाहीपूर्वक वाहन न चलाएं। यातायात नियमों का पालन कर स्वयं के साथ अन्य वाहन चालकों की सुरक्षा को सुनिश्चित करें।

युवा वर्ग में स्टंट का बढ़ रहा क्रेज

चार पहिया और दो पहिया वाहन चलाने वाले युवा वर्ग में स्टंटबाजी के साथ रील बनाने का क्रेज बढ़ता दिखाई दे रहा है। खुद की जान जोखिम में डालने के साथ यह युवा दूसरे की जान को भी खतरे में डाल रहे है। पूर्व में कई बार पुलिस वाहन चालकों के स्टंट वीडियो सामने आने पर उनके खिलाफ कार्रवाई की चुकी है, बावजूद ऐसी स्टंटबाजी से युवा बाज नहीं आ रहे है। युवाओं के साथ नाबालिग भी ऐसे कृत्य में शामिल है।

सवारी वाहन दौड़ रहे ओवरलोड

जहां चार पहिया वाहन और दो पहिया वाहनों के स्टंट करते वीडियो सामने आ रहे है, वहीं शहर में सवारी वाहन ओवरलोड होकर दौडते दिखाई दे रहे है। सबसे अधिक ई-रिक्शा ओवर लोडिंग में शामिल है। पूर्व में रिक्शा पलटने के कई मामले सामने आ चुके है। जिसमें लोग घायल भी हुये है। पुलिस को ऐसे सवारी वाहनों पर भी एक्शन लेकर चालकों पर कार्रवाई सुनिश्चित करना चाहिये। ई-रिक्शा चालकों में कई नाबालिग भी शामिल है।

कार बेचकर धोखाधड़ी करने वाले को भेजा जेल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



परिचित की कार मांगकर ले जाने के बाद उसे बेचने वाले आरोपी के खिलाफ अमानत में खयानत का प्रकरण दर्ज किया गया था। जिसे एक माह बाद पुलिस ने रतलाम से गिरफ्तार किया और पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया। उसकी निशानदेही पर कार बरामद करने के बाद शनिवार को उसे न्यायालय में पेश किया। जहां से जेल भेजा गया है।

माधवनगर थाना एसआई सालगराम चौहान ने बताया कि अगस्त माह में वल्लभनगर में रहने वाले उदित पिता कृष्णकांत बोहरे की स्कार्पियों कार परिचित फैजान पिता मोहम्मद शाह निवासी इंदौर मांगकर ले गया था। उसने कार मंदसौर में एक व्यक्ति को बेच दी। उदित को जानकारी लगी तो उसने कार लौटाने के लिये कहा। फैजान ने मोबाइल बंद कर लिया और लापता हो गया। 19 अगस्त को उदित ने मामले की शिकायत थाने आकर की। मामले में अमानत में खयानत का प्रकरण दर्ज किया गया। एक माह बाद फैजान को रतलाम से गिरफ्तार किया गया। जिसे 2 दिनों की रिमांड पर लिया गया और बेच गई कार को मंदसौर से बरामद कर उज्जैन लाया गया। शनिवार को रिमांड खत्म होने पर उसे न्यायालय में पेश किया गया था। जहां न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। आरोपी के गिरफ्त में आने पर उसके पास से फर्जी पुलिस का आईडी कार्ड मिला था। फर्जी कार्ड के संबंध में पूछताछ करने पर सामने आया कि वह उक्त कार्ड का उपयोग टोल नाकों पर करता था और खुद को पुलिसकर्मी बताकर बिना टैक्स चुकाये गाड़ी निकाल लेता था। फर्जी पुलिस कार्ड से की गई कोई ओर घटना पूछताछ में सामने नहीं आ पाई। नाही कोई शिकायतकर्ता सामने आया।

प्लेटफार्म 8 के निकासी द्वार पर मिली लाश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर 8 के निकासी द्वार से शनिवार को एक व्यक्ति की लाश मिलना सामने आया। मृतक के पास पहचान का कोई दस्तावेज नहीं मिला है। जीआरपी मामले की जांच कर रही है। जीआरपी थाना पुलिस ने बताया कि मृत मिला व्यक्ति 40 साल के लगभग प्रतीत हो रहा है। उसने नीले रंग की पेंट शर्ट पहनी है। उसके हाथ में एक हाथ में कड़ा है। मौत की वजह बीमारी सामने आ रहा है। उसके पास से पहचान को कोई दस्तावेज नहीं मिलने पर शव को चरक अस्पताल के पोस्टमार्टम कक्ष में रख मर्ग कायम किया गया है। मृतक के परिजनों का पता लगाने के प्रयास किये जा रहे है। 24 घंटे में परिजनों का पता नहीं मिला तो पुलिस पोस्टमार्टम कराकर शव को दफना देगी। शहर में पिछले कुछ समय से अज्ञात शव मिलने के मामले लगतार सामने आ रहे है। रेलवे स्टेशन और महाकाल क्षेत्र में लावारिस शवों की संख्या सबसे अधिक है। धार्मिक नगरी होने पर देशभर से भिक्षावृति करने वाले यहां आते है और सड़कों के किनारे गुजर बसर करने लगे है। उनकी बीमारी से मौत होने पर उनके परिजनो का पता नहीं चल पाता है। कुछ के परिजनों का ही पुलिस पता लगा पाती है। अधिकांश के शव अब भी दफन है।

गिरफ्त से दूर एक रात में 10 कार्यालयों के ताले तोड़ने वाला

19-20 सितंबर की रात एलएम कॉम्पलेक्स में 10 कार्यालयों ताले तोड़कर हजारों की नगद राशि चोरी करने वाला बदमाश पुलिस की गिरफ्त में नहीं आ सका है। माधवनगर थाना क्षेत्र के टॉवर चौक स्थित कॉम्पेलक्स एलएम में गोयल एंड कंपनी के कार्यालय, संजय अग्रवाल के कार्यालय और अतुल नीमा के कार्यालय से हजारों रुपए की नगदी चोरी होना सामने आया था। बदमाश ने गुरू बृहस्पति सहकारी साख संस्था के साथ सिद्धार्थ ट्रांसपोर्ट, कोचिंग सेंटर, इंवेस्टमेंट कंपनी, श्रीनिधी फायनेंस कंपनी और अन्य कार्यालयों के ताले भी तोड़े थे।

खजूर वाली मस्जिद से गणेश चौक तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य शुरू ,15 मीटर चौड़ा होगा मार्ग

नागरिकों ने खुद हटाना शुरू किए चिह्नित हिस्से

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ महापर्व 2028 की तैयारियों के मद्देनजर शहर के प्रमुख मार्गों के विकास और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए नगर निगम ने खजूर वाली मस्जिद से गणेश चौक तक सड़क चौड़ीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। करीब 730 मीटर लंबे इस मार्ग को 15 मीटर चौड़ा किया जाएगा। मार्ग चौड़ीकरण एवं विकास कार्य पर राज्य शासन से प्राप्त करीब 9.80 करोड़ रुपए की राशि खर्च की जाएगी।

शनिवार से क्षेत्र के कुछ नागरिकों ने स्वयं आगे बढ़कर अपने मकानों के चिह्नित हिस्सों को हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी। नगर निगम के अनुसार प्रस्तावित चौड़ीकरण से कुल 272 भवन प्रभावित होना प्रस्तावित है। निगम की ओर से मार्ग की नपती, सड़क सीमा की मार्किंग और प्रभावित भवन स्वामियों को नियमानुसार नोटिस देने की कार्रवाई पहले ही की जा चुकी है।

खजूर वाली मस्जिद से अब्दालपुरा होते हुए गणेश चौक तक होगा विकास- प्रस्तावित मार्ग खजूर वाली मस्जिद से शुरू होकर अब्दालपुरा, जीवाजीगंज थाना होते हुए गणेश चौक तक जाएगा। यह क्षेत्र का महत्वपूर्ण और व्यस्त संपर्क मार्ग है। सिंहस्थ के दौरान श्रद्धालुओं और वाहनों की संख्या बढ़ने की संभावना को देखते हुए सड़क चौड़ीकरण को यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने की योजना का हिस्सा बताया गया है। चौड़ी सड़क से क्षेत्रवासियों, व्यापारियों और आम नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलने की उम्मीद है।

नागरिकों ने खुद शुरू की चिह्नित हिस्से हटाने की कार्रवाई- चौड़ीकरण की प्रक्रिया में क्षेत्र के नागरिकों की सहभागिता भी सामने आई है। शनिवार को श्री विनोद राठौड़ और रविंद्र कुमार राठौर ने अपने मकानों के चिह्नित हिस्से हटाने की कार्रवाई शुरू की। उन्होंने कहा कि शहर के विकास में सहयोग करना नागरिकों की जिम्मेदारी है और मार्ग चौड़ा होने से क्षेत्रवासियों को सुविधा मिलेगी। नगर निगम के अनुसार नागरिकों द्वारा सहयोग किए जाने से चौड़ीकरण की कार्रवाई को आगे बढ़ाने में मदद मिल रही है। क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण को लेकर लोगों में विकास कार्य जल्द पूरा होने की उम्मीद भी है।

निगम आयुक्त ने मौके पर पहुंचकर लिया जायजा- नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने शनिवार को प्रस्तावित मार्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने सड़क चौड़ीकरण की चल रही कार्रवाई का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को प्रभावित भवन स्वामियों और क्षेत्रवासियों को आवश्यक सहयोग एवं मार्गदर्शन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। आयुक्त ने अधिकारियों से कहा कि नागरिकों के सहयोग और समन्वय के साथ कार्रवाई को निर्धारित समय-सीमा में पूरा किया जाए, ताकि सड़क चौड़ीकरण का लाभ क्षेत्रवासियों को जल्द मिल सके।

सुप्रीम कोर्ट ने नई आईसीयू की गाईड लाइंस लागू करने का सख्त आदेश दिया

अस्पतालों में आईसीयू के नाम के गौरखधंधे पर अब लगेगी लगाम

सरकारी निजी सभी दायरे में, 3 से 9 महीने में तीनों लेबल की आईसीयू में पूर्ण करना होगी गाइड लाइन की व्यवस्था

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



आम आदमी से आईसीयू के नाम पर जमकर जेब झटकने वाले अस्पतालों के गौरखधंधे पर अब लगाम कसने वाली है। इन्हें अपनी आईसीयू को सुप्रीम कोर्ट की गाईड लाईन के अनुसार अगले 3 से 9 माह में अपडेट करना होगा। देश के सर्वोच्च न्यायालय ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि जो अस्पताल खुद को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस / स्पेशलिटी अस्पताल कहते हैं, उन्हें स्तर क के साथ स्तर।।। की सभी जरूरतें पूरी करनी होंगी। कोर्ट ने कहा - गाइडलाइंस लागू करने में कोई भी ढिलाई बर्दाश्त नहीं होगी।

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और सभी राज्यों को 2026 की नई गहन चिकित्सा ईकाई गाइडलाइंस लागू करने का सख्त आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट की 20 मई 2026 को मंजूर गाइडलाइंस में 3 स्तर की रूपरेखा दी है। स्तर-1 अनिवार्य है। बिना इसके किसी भी अस्पताल को आईसीयू कहने की इजाजत नहीं रहेगी।

हाल ही में जारी आदेश की मुख्य बातें-

21 सितंबर को जारी आदेश उच्चतम न्यायालय के न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस आर. महादेवन की पीठ ने दिया। उन्होंने 2016 से जारी मामला में जो कि देश में गहन चिकित्सा ईकाई के लिए एक जैसे स्टैंडर्ड न होने पर कोर्ट ने खुद संज्ञान लिया था। 20 मई 2026 को कोर्ट ने 3-स्तरीय गहन चिकित्सा ईकाई रूपरेखा को मंजूरी दी थी। इसमें स्तर-1,स्तर-2,स्तर-तय किए गए थे। इसमें आईसीयू का इंफ्रास्ट्रक्चर, उपकरण, स्टाफ, इन्फेक्शन कंट्रोल, इमरजेंसी सर्विस सब तय किया गया है।

कोर्ट के आदेश पर किस स्तर में क्या सुविधा

- **स्तर -1 आईसीयू - बेसिक आईसीयू / स्टेबिलाइजेशन यूनिट-** इसका काम मरीज को संभालना, शॉर्ट-टर्म मॉनिटरिंग, सिंगल ऑर्गन सपोर्ट (जैसे सिर्फ बीपी लो या सांस की तकलीफ)। यह हर जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से बड़े अस्पताल में अनिवार्य की गई है। इसमें एमडी/डीएनबी स्तर के चिकित्सा अधिकारी एनेस्थीसिया, मेडिसिन, पल्मोनरी, पीडियाट्रिक्स या इमरजेंसी मेडिसिन रखे जाएंगे। नर्स-मरीज अनुपात 1:2 से 1:1 तक रहेगा। इसके उपकरण में हर बेड पर ऑक्सीजन, सक्शन, मॉनिटर, वेंटिलेटर, डिफिब्रिलेटर, क्रैश कार्ट, इन्फ्यूजन पंप, ईसीजी रहेगा।
- **स्तर-2 आईसीयू - हाई डिपेंडेंसी / मल्टी-ऑर्गन आईसीयू -** इसका काम लगातार इनवेसिव मॉनिटरिंग, एक साथ 2 या ज्यादा ऑर्गन का सपोर्ट, जो बीमारी ठीक हो सकती है। स्तर-1 से बिगड़ा मरीज यहां शिफ्ट होगा। इनकी स्थापना मेडिकल कॉलेज, बड़े प्राइवेट मल्टी-स्पेशलिटी अस्पताल में रहेगी। यहां 24X7 ट्रेंड इंटेंसिविस्ट + रेजिडेंट, नर्स 1:2, स्टेप-डाउन सुविधा भी होगी। इसके उपकरण में स्तर-1 के सब उपकरण के साथ + एडवांस वेंटिलेटर, हेमोडायनामिक मॉनिटरिंग, यूएसजी, पोर्टेबल - १८, लैब- 3 महीने में आईसीयू के पास रहेगी।
- **स्तर-3 आईसीयू - सेंटर ऑफ एक्सीलेंस / एडवांस आईसीयू -** इसका काम सबसे गंभीर मरीज - मल्टी ऑर्गन फेलियर, सीआरआरटी (लगातार डायलिसिस), ईसीएमओ, एडवांस वेंटिलेशन रहेगा। टर्शियरी / क्वाटरनरी सेंटर, जो खुद को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस कहते हैं, उनके लिए स्तर -3 अनिवार्य किया गया है। इनके स्टाफ में इंटेंसिविस्ट-लेड, 24X7 मल्टीडिसिप्लिनरी टीम, वेंटिलेटर वाले मरीज के लिए नर्स-मरीज 1:1 रहेंगी। इसके साथ यहां स्तर-1 की सारी सुविधा के साथ स्तर-3 की अलग गाईडलाइंस में टेली-आईसीयू, जीपीएस बेस्ड बेड मैपिंग सिस्टम से जुड़ना होगा।

कोर्ट ने 12 की बजाय 9माह किया

इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए कमेटी ने न्यायालय के समक्ष 12 महीने मांगे थे। कोर्ट ने घटाकर इसे 9 महीने कर दिया। इसके साथ ही स्टाफ भर्ती 6 महीने के अंदर हर हाल में पूरी करनी होगी। भर्ती तुरंत शुरू करने का आदेश दिया गया है। बेडसाइड यूटिलिटी / लैब 3 महीने में, इंफेक्शन कंट्रोल तुरंत, बाकी इंफ्रा 9 महीने में और स्टाफ भर्ती 6 महीने में पूरी करनी है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com